फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 219 प्रभात जयपुर, रविवार 10 मार्च, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**The Smell Of Good Food**

In *Guravali*, a Marathi dish, jasmine buds are painstakingly inserted at night into deep-fried dough balls with sweet stuffing. The next morning, the pastry is served, once the buds bloom inside, infusing it with 'fragrance.'

**Boost Your Leg Strength & Balance**




# कांग्रेस ने राहुल कस्वा को कांग्रेस जॉइन कराने के लिए अंतिम स्वीकृति दी

## पूर्व मु.मंत्री अशोक गहलोत कस्वा को कांग्रेस जॉइन कराने के सख्त खिलाफ हैं

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 मार्च। कांग्रेस नेतृत्व ने चूरु से भाजपा के वर्तमान सांसद राहुल कस्वा को कांग्रेस में शामिल होने के लिए हरी झंडी दे दी है। राहुल कस्वा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के भाई के दामाद हैं। उन्हें राजेन्द्र राठौड़ के दबाव के कारण चूरु से टिकट देने से इन्कार कर दिया गया है।

सूत्र बताते हैं कि, अशोक गहलोत राहुल कस्वा को कांग्रेस में आने से रोकने के बेतहाशा प्रयत्न करते रहे हैं। इसके लिए गहलोत ने अपने प्रमुख समर्थकों, राजगढ़ की पूर्व विधायक कृष्णा पूनिया और एक अन्य पूर्व विधायक बलवान पूनिया को दिल्ली भी भेजा था। गहलोत चूरु की सीट वामदलों को देना चाहते हैं, ताकि कांग्रेस में कस्वा की एंट्री रोकी जा सके।

- गहलोत ने अपनी पुरानी वफादार, राजगढ़ से विधायक कृष्णा पूनिया व पूर्व विधायक बलवान पूनिया को दिल्ली भेजा है, कस्वा के कांग्रेस जॉइन करने के प्रयास को रुकवाने के लिये।
- गहलोत, इसके लिये तैयार हैं कि, चूरू की सीट वामपंथियों को दे दी जाय। पर, कस्वा को न मिले।
- गहलोत के लिये एक और झटका तैयार हुआ है हाईकमान की ओर से। उन्हें कह दिया जायेगा कि, वे जोधपुर या जालौर-सिरोही दोनों में से किसी भी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं, पर, उनके पुत्र को टिकट नहीं मिलेगा, क्योंकि अब तक पार्टी के सभी सर्वे पुत्र वैभव को हारा हुआ उम्मीदवार ही बता रहे हैं।
- लगता है, गहलोत, हाईकमान का विश्वास लगभग पूर्णतया खो चुके हैं, जब से उन्होंने पार्टी हाईकमान के खिलाफ बगावत की थी, तथा हाईकमान के तमाम संकेतों के बावजूद कुर्सी से चिपके रहने के लिए सभी हथकंडे अपनाये थे।

जहां तक कांग्रेस आलाकमान की बात है, तो लगता है कि, अशोक गहलोत के लिए एक भारी संकट आने वाला है। सूत्र बताते हैं कि, पार्टी नेतृत्व ने अशोक गहलोत को यह स्पष्ट कर दिया है कि, वह जोधपुर अथवा जालोर -सिरोही से चुनाव लड़ने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन वैभव गहलोत को टिकट देने की कोई संभावना नहीं है क्योंकि पार्टी द्वारा करवाए गए सभी सर्वेक्षणों में वैभव गहलोत की हार बताई गई है।

गहलोत अपने पुत्र के लिए कांग्रेस टिकट प्राप्त करने का जी-तोड़ प्रयत्न कर रहे हैं, किन्तु खबरें संकेत देती हैं कि, गहलोत परिवार के लिए यह कार्य बहुत ही दुष्कर हो सकता है। प्रतीत होता है कि, गहलोत पार्टी नेतृत्व का समर्थन पूर्ण रुप से खो चुके हैं, जो कि, नेतृत्व के खिलाफ उनके विद्रोह और येन केन प्रकारेण कुर्सी से चिपके रहने को देखते हुए स्वाभाविक है।

# बैंक खातों को बचाने कांग्रेस दिल्ली हाई कोर्ट जायेगी

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 मार्च। कांग्रेस ने इन्कम टैक्स अपैलेट ट्रिब्यूनल (आई.टी.ए.टी.) के शुक्रवार को दिये गये निर्णय को चुनौती देने के लिये दिल्ली हाईकोर्ट में अपील करने का निर्णय लिया है। आई.टी.ए.टी. ने, इन्कम टैक्स विभाग द्वारा कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों पर रोक लगाने के आदेश को स्टे करने की कांग्रेस की याचिका को खारिज कर दिया था।

- आई.टी.ए.टी. के निर्णय के खिलाफ कांग्रेस सोमवार को हाई कोर्ट में अपील करेगी।

कांग्रेस पार्टी, आयकर विभाग द्वारा वर्ष 2018-19 के लिये कथित आयकर देनदारी व पेनल्टियों के तहत लगाई गई 210 करोड़ रुपये की डिमांड पर स्टे की भी मांग करेगी।

कांग्रेस के वकील विवेक तन्खा ने कहा, "मेरी मांग थी कि, कुल टैक्स देनदारी का 20 प्रतिशत जमा करके हमें अन्तरिम स्टे दिया जाना चाहिये, और मैंने कई केसों का उदाहरण भी दिया था। पर हमारी मांग नहीं मानी गई। अब हम सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट जायेंगे।"

# कई दिग्गज नेताओं के साथ सुरेश पचौरी ने कांग्रेस छोड़ी और भाजपा जॉइन करी

## पिछले कुछ महीनों में मध्य प्रदेश में सरकार बनने के बाद 4,500 कार्यकर्ताओं और नेताओं ने कांग्रेस को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है, जिनमें जिलाध्यक्ष, मेयर व सरपंच भी शामिल हैं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 मार्च। मध्य प्रदेश में कांग्रेस के विधानसभा चुनाव में हारने के बाद पार्टी के नेताओं का पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होना जारी है। इसी क्रम में कांग्रेस के पूर्व सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी पार्टी के कई पूर्व विधायकों और सांसदों के साथ शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। पचौरी राजनीति में आने से पहले पेशे से इंजीनियर थे और मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

- पचौरी ने पार्टी छोड़ने का कारण, अयोध्या में रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का कांग्रेस द्वारा बहिष्कार बताया।
- मध्य प्रदेश के मु.मंत्री मोहन यादव व पूर्व मु.मंत्री शिवराज सिंह ने सुरेश पचौरी को "मध्य प्रदेश का संत" बताया जिनका बड़ा लम्बा अध्याय रहा प्रदेश की राजनीति में और लम्बे राजनीतिक जीवन में सुरेश पचौरी पर कभी भी कोई लांछन नहीं लगा।

पचौरी के अलावा भाजपा में जाने वालों में इन्दौर-1 से कांग्रेस के पूर्व विधायक संजय शुक्ला, धार से कांग्रेस के पूर्व सांसद गजेन्द्र सिंह राजूखेड़ी, पार्टी के पूर्व विधायक विशाल पटेल, अर्जुन पालिया, सतपाल पालिया और भोपाल के पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश मिश्रा शामिल हैं। संजय शुक्ला वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के सीनियर नेता कैलाश विजयवर्गीय के सामने चुनाव हार गए थे। उनसे पहले भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस के अन्य नेताओं की भांति पचौरी ने भी कहा कि, उनके पार्टी छोड़ने की मुख्य वजह, अयोध्या के राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से दूर रहने का कांग्रेस का निर्णय था।

पचौरी का पार्टी छोड़ना कांग्रेस के लिए एक भारी मनोवैज्ञानिक झटका है, क्योंकि उन्हें एक ऐसे ईमानदार राजनेता के रूप में आदर प्राप्त है, जिसने जमीनी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हिमाचल के 11 विधायक चार्टर्ड फ्लाइट से देहरादून ले जाये गये

## इन विधायकों में कांग्रेस के बागी विधायक व तीन निर्दलीय विधायक भी शामिल हैं, उन्हें देहरादून से ऋषिकेश के ताज होटल में भारी सुरक्षा के साथ ठहराया गया है

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 मार्च। हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू की सरकार को स्पष्ट रुप से गिराने के प्रयास के तहत, विपक्षी दल भाजपा अपनी पार्टी के दो विधायकों की निगरानी में कांग्रेस के बागी छः विधायकों और तीन निर्दलीय विधायकों को हवाई जहाज से उत्तराखंड ले गई।

कुल 11 विधायक हिमाचल प्रदेश से विमान द्वारा भाजपा शासित उत्तराखंड में देहरादून पहुंचे, वहां पहुंचने के तुरंत बाद हरियाणा नम्बर प्लेट वाली एक बस ने उन्हें ऋषिकेश के ताज होटल में पहुंचा दिया। ग्यारह विधायकों, कांग्रेस के छः बागी विधायक व तीन निर्दलीय विधायक शामिल हैं को भारी सुरक्षा कवच के बीच होटल में प्रवेश करते हुए देखा गया।

- यह घटना उस समय हुई जब मु.मंत्री सुक्खू का दिल्ली यात्रा के दौरान कांग्रेस हाईकमान से बातचीत के बाद बागी विधायकों के प्रति रुख कुछ नरम पड़ा था, तथा उन्होंने संकेत दिया था कि, अगर किसी को अपनी गलती का अहसास हो जाता है तो उन्हें एक और मौका मिलना चाहिये।
- सुक्खू के इस वक्तव्य के दो दिन बाद, बागी विधायकों को हिमाचल से हटाने का निर्णय लिया भाजपा ने।

इन विधायकों को देहरादून ले जाने की कार्यवाही, गुरुवार को इस ऐलान के तुरंत बाद की गई जिसमें सुक्खू ने कहा कि, "कोई व्यक्ति यदि अपनी गलती मान लेता है तो उस व्यक्ति को एक मौका और दिया जा सकता है।" गुरुवार को ही, सी.एम. सुक्खू ने दिल्ली में कांग्रेस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मुख्य चुनाव आयुक्त अकेले लोकसभा चुनाव करायेंगे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 मार्च। लोकसभा चुनावों से ठीक कुछ दिन पहले, चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने शनिवार को

- दूसरे चुनाव आयुक्त अरूण गोयल ने शनिवार को पद से इस्तीफा दे दिया और राष्ट्रपति ने इसे स्वीकार कर लिया। तीसरे चुनाव आयुक्त 15 जनवरी को सेवानिवृत्त हो चुके हैं तथा उनके स्थान पर कोई नियुक्ति नहीं हुई है।

अपने पद से इस्तीफा दे दिया, जिसे राष्ट्रपति दौपद्री मुर्मु ने मंजूर कर लिया। इस इस्तीफे के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भाजपा-बीजू जनता दल के गठबंधन में कुछ रूकावट आयी

## अड़चन का कारण है, भाजपा द्वारा 21 संसदीय सीटों में से 14 सीटों की मांग करना

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 मार्च। भाजपा और नवीन पटनायक की बीजू जनता दल (बी.जे.डी.) के बीच गठबंधन की वार्ता में बाधा आ गई है, वहीं, भाजपा नेतृत्व, आंध्र प्रदेश में तेलुगूदेशम पार्टी (टी.डी.पी) के साथ गठबंधन को अंतिम रुप देती लग रहा है। दो दिनों के अंदर, चन्द्रबाबू नायडू ने शनिवार को ग्रह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जे.पी. नड्डा के साथ दूसरी बैठक की। नायडू, शाह और नड्डा से गुरुवार को भी मिले थे।

- भाजपा, विधानसभा चुनावों में भी ज्यादा सीटें चाह रही थी।
- बी.जे.डी. किसी स्थिति में 100 से कम विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है।
- फिलहाल 147 सदस्यीय विधानसभा में बी.जे.डी. के 114 विधायक हैं, तथा 12 सांसद हैं, भाजपा के आठ सांसदों की तुलना में।
- बहरहाल आंध्र में भाजपा व तेलुगू देशम पार्टी में गठबंधन फाइनल हो गया है, पिछले दो दिन में, भाजपा अध्यक्ष नड्डा व गृह मंत्री अमित शाह के साथ दो-दो मुलाकातों के बाद।

ओडिशा और आंध्र प्रदेश में लोकसभा चुनावों (अप्रेल-मई) के साथ ही विधानसभा चुनाव भी आयोजित कराए जाएंगे। भाजपा द्वारा राज्य की 21 लोकसभा सीटों में से 14 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए अड़ने पर, भाजपा की बीजू जनता दल (बी.जे.डी.) के साथ वार्ता खत्म हो गई। भाजपा, विधानसभा चुनावों में भी ज्यादा सीटें चाहती थी, जबकि, बी.जे.डी. अपने उम्मीदवारों की संख्या 100 से कम करने को तैयार नहीं थी।

वर्तमान में, बी.जे.डी. के 12 सांसद तथा भाजपा के 8 सांसद हैं। विधानसभा की कुल 147 सीटों में से बी.जे.डी. के 114 विधायक हैं। बी.जे.डी. को नैशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एन.डीए.) का औपचारिक सहयोगी बनाना भाजपा के लिए लाभदायक होता लेकिन मुश्किल यह थी कि, बी.जे.डी.को भाजपा के साथ जुड़ने में ज्यादा लाभ नहीं लगा।

ओडिशा के भाजपा चुनाव प्रभारी, विजयपाल सिंह तोमर ने वार्ता के विफल होने की पुष्टि की तथा जोर देकर कहा कि, भाजपा सभी 21 लोकसभा सीटों तथा 147 विधानसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी तथा कम से कम 80 विधानसभा एवं 16 लोकसभा सीटें जीतेगी। सूत्रों ने कहा कि, भाजपा और बी.जे.डी.के बीच, कुछ सीटों पर दोस्ताना लड़ाई हो सकती है।

इसी बीच नायडू और भाजपा नेताओं की बैठक के बाद, भाजपा का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इस्तीफा दिया

ईटानगर, 9 मार्च (वार्ता) अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नबाम तुकी ने आगामी आम चुनाव से

- इस इस्तीफे को लोकसभा चुनाव से ऐन पहले अरुणाचल में कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।
- अरुणाचल प्रदेश में चार विधायक इस प्रकरण से पहले ही गत दिनों कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

पहले यहां की प्रदेश कांग्रेस (एपीसीसी) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। एपीसीसी के एक नेता ने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चुनाव प्रचार के अन्तर्गत मोदी चौथी बार बंगाल पहुंचे

## सिलिगुड़ी में आयोजित विशाल आम सभा में उन्होंने संदेशखाली में आदिवासी महिलाओं के साथ तृणमूल नेताओं द्वारा किये गये रेप व अत्याचार पर मुख्य रूप से फोकस किया

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 मार्च। कलकत्ता हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय के पार्टी में शामिल होने के बाद भारतीय जनता पार्टी बंगाल में अप्रत्याशित नई ऊँचाइयाँ छू रही है। उत्तर बंगाल की एक जनसभा में गंगोपाध्याय मंच पर आसीन थे, जहाँ से प्रधानमंत्री ने एक विशाल जनसमूह को संबोधित किया। राजनीतिक तापमान जैसे-जैसे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे आरोप-प्रत्यारोप की लड़ाई भी जोर पकड़ रही है।

अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने संदेशखाली घटना और महिलाओं पर हमलों की बात बार-बार दोहराई। संदेशखाली के गरीब लोगों की शिकायतों को संबोधित करने में राज्य की असफलता को गिनाते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि, क्षेत्र की जनजातीय आबादी पर हुए इस तरह के हमलों के बावजूद, राज्य की मुख्यमंत्री ने कभी भी इस क्षेत्र में आने और पीड़ितों से आमने-सामने मुलाकात करने की हिम्मत नहीं दिखाई। प्रधानमंत्री ने सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं द्वारा जबरन वसूली के मुद्दे को बार-बार उठाया। उन्होंने कहा कि, ऑटो रिक्शा वालों जैसे अति निर्धन लोग भी तृणमूल नेताओं के जबरन वसूली रैकेट से नहीं बचे।

निश्चित रूप से, जनसभा में प्रधानमंत्री प्रथम आकर्षण थे, लेकिन भाजपा में हाल ही में शामिल हुए पूर्व न्यायाधीश की "स्टार वैल्यू" भी कम नहीं थी। नियुक्ति घोटाले पर उनका सीधा स्पष्ट वक्तव्य उपस्थित जनता को बहुत पसंद आया। प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व, अभिजित गंगोपाध्याय ने सिलिगुड़ी मीटिंग में छोटा सा भाषण दिया। जनता के सामने बोलने का उनका यह पहला अवसर था, लेकिन, पूर्व जज का भाषण आकर्षित करने वाला था।

- सिलिगुड़ी की आम सभा में, हाल ही में भाजपा में आये न्यायाधीश अभिजीत भी बड़ा आकर्षण रहे।
- न्यायाधीश बनर्जी ने चुस्त पर सरल भाषा में रैली को संबोधन किया, और कहा कि, तृणमूल "अपराधियों का गैंग है", और वहां नारा दिया, "तृणमूल को वोट नहीं", जो, संभवतया भाजपा का मुख्य चुनावी नारा हो गया।
- तृणमूल ने, भाजपा की सिलिगुड़ी में आयोजित विशाल रैली के जवाब में रविवार को कोलकता के बिग्रेड परेड ग्राउण्ड पर विशाल रैली आयोजित करने के इन्तज़ाम किये। इस रैली को तृणमूल के चुनाव अभियान की शुरुआत ही माना जा रहा है।

जस्टिस गंगोपाध्याय सरल भाषा में बोले, जिसमें राजनीतिज्ञों वाला आडंबर व अलंकार बहुत कम था। उन्होंने जोर देकर कहा कि, सत्तारूढ़ पार्टी "अपराधियों" का समूह है। भाजपा बंगाल की सीटों के लिए कड़े प्रयास कर रही है और हर तरह से मतदाताओं को रिझाने में जुटी है।

यह चौथी बार है जब प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित करने बंगाल आए हैं। यहाँ आने से पहले उन्होंने आसाम में कई सभाओं को संबोधित किया तथा कई परियोजनाओं की घोषणा की।

अधिक उल्लेखनीय बात यह भी है कि, सिलिगुड़ी की जनता ने भाजपा में नए-नए शामिल हुए न्यायाधीश को एक तरह से घेर ही लिया। जनसभा में बोलते हुए जस्टिस गंगोपाध्याय ने बंगाल की जनता से गुहार की कि, सत्तारूढ़ पार्टी, तृणमूल कांग्रेस को एक भी वोट ना दें। उन्होंने एक नया नारा भी दिया, "तृणमूल कांग्रेस को वोट नहीं", और जनता से अपील की कि, बंगाल से भाजपा को 42 सीटें दे।

स्पष्ट है कि, इस सरल से नारे ने सत्तारूढ़ पार्टी को काफी उद्विग्न कर दिया, इतना कि, तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष पूर्व न्यायाधीश की निंदा के अलावा अब और कुछ नहीं कर रहे हैं और उनके शब्दों को कुछ घुमाकर रिपीट करते हुए कह रहे हैं- "भाजपा को वोट नहीं।"

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रेलवे ने कबाड़ बेचकर रिकॉर्ड 514 करोड़ की कमाई की

नई दिल्ली, 9 मार्च। भारतीय रेलवे आमतौर पर माल ढुलाई और रेलवे टिकट के जरिए अपनी कमाई करता है। इसमें भी रेलवे को सबसे ज्यादा आय माल ढुलाई के जरिए ही मिलती है। थर्ड एसी और एसी चेयर कार वालीं सुपरफास्ट ट्रेनों से भी रेलवे को आय होती है। लेकिन रेलवे ने अपनी कमाई बढ़ाने के लिए नए स्रोत भी खोज लिए हैं। हाल ही में उत्तर रेलवे ने कबाड़ बेचकर करोड़ों की कमाई कर डाली है, जो तय किए गए लक्ष्य से अधिक है। कमाई का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कबाड़ से आई रकम से करीब पांच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें

- इतनी रकम में पांच वंदे भारत ट्रेनों का निर्माण किया जा सकता है

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

जो वस्तु आनंद प्रदान नहीं कर सकती, वह सुन्दर हो ही नहीं सकती। –प्रेमचंद

# प्राकृतिक जलवायु समाधानों के क्रियान्वयन बिना पृथ्वी पर जैव विविधता और मानव का संकट टलना असंभव

जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लोबलवार्मिंग को 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखने हेतु पेरिस जलवायु समझौते के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भूमि का बेहतर प्रबंधन अनिवार्य है। लेकिन अभी तक की मानवीय गतिविधियों ने वैश्विक तापमान में 1.25 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की है, और उत्सर्जन की वर्तमान स्थिति से पता चलता है कि हम 10 वर्षों के पहले ही 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक का तापमान बढ़ा देंगे। हालांकि कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की वैश्विक वृद्धि दर धीमी हुई है और कई देशों ने अपने उत्सर्जन लक्ष्यों को मजबूत किया है, लेकिन वर्तमान शताब्दी के मध्य तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य भी ग्लोबलवार्मिंग को पूर्व–औद्योगिक तापमान से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लिए अपर्याप्त है। असल में 1.5 डिग्री सेल्सियस के लक्ष्यों की उपलब्धि के लिये मुख्य बाधाओं की प्रकृति भू–भौतिकीय नहीं है बल्कि हमारी राजनीतिक, सामाजिक और तकनीकी प्रणालियों की जड़ता है। इस जड़ता को दूर करने के लिए ऐसे राजनीतिक और कॉर्पोरेट नेतृत्व दोनों की आवश्यकता है, जो सिस्टम–स्तर और व्यक्तिगत जीवन शैली में बदलाव की आवश्यकता की बढ़ती सामाजिक मान्यता द्वारा समर्थित हो। इस लक्ष्य को प्राप्त करना संभव तो है किन्तु उपलब्ध साक्ष्य अभी तक ऐसा कोई संकेत नहीं देते कि दुनिया 1.5 डिग्री सेल्सियस के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गंभीरता से प्रतिबद्ध है।

भूमि प्रबंधन हेतु उपलब्ध विकल्पों और उनकी शमन क्षमता के बारे में वैज्ञानिक स्थिति स्पष्ट करने और क्रियान्वयन योग्य बनाने के लिए 'प्राकृतिक जलवायु समाधान' (एनसीएस)परवर्ष 2017 में एक लैंडमार्क पेपर प्रकाशित हुआ था। इस शोधपत्र में संरक्षण, पुनर्स्थापन, और बेहतर भूमि प्रबंधन हेतु 20 प्रकार के विकल्प चिन्हितकिये गए हैं जो कार्बन भंडारण को बढ़ाते हैं और वनों, आर्द्रभूमियों, घास के मैदानों और कृषि भूमि में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को रोकते हैं। एनसीएस की अधिकतम क्षमता 23.8 पेटाग्राम कार्बन डाइऑक्साइड प्रति वर्ष के तुल्य है। यह पिछले अनुमानों से 30प्रतिशत अधिक है। इस अधिकतम का लगभग आधा (11.3 पेटाग्राम कार्बन डाइऑक्साइड प्रति वर्ष के तुल्य) लागत प्रभावी जलवायु शमन है, यह मानते हुए कि वर्ष 2030 तक कार्बन डाइऑक्साइड प्रदूषण की सामाजिक लागत 100 डॉलर प्रति मेगाग्राम कार्बन डाइऑक्साइड तुल्य है। प्राकृतिक जलवायु समाधान आवश्यक लागत प्रभावी कार्बन डाइऑक्साइड शमन का 37 प्रतिशत प्रदान कर सकते हैं और वर्ष 2030 तक तापमान 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने की 66प्रतिशत संभावना है। इस लागत प्रभावी एनसीएस शमन का एक तिहाई 10 डॉलर प्रति मेगाग्राम कार्बन डाइऑक्साइड तुल्य पर या उससे कम पर किया जा सकता है। इन शमन अनुमानों की अनिश्चितता को नियंत्रित करने के लिए शोध जारी है। फिर भी, वर्तमान में उपलब्ध प्रमाण जलवायु परिवर्तन के प्रमुख समाधान के रूप में पारिस्थितिकी तंत्र के प्रबंधन में सुधार हेतु तत्काल वैश्विक कार्रवाई के लिए ठोस वैज्ञानिक आधार प्रदान करता है।

प्राकृतिक जलवायु समाधान उन रणनीतियों और कार्यों के एक समूह को संदर्भित करते हैं जो जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए प्रकृति और उसके पारिस्थितिक तंत्र का उपयोग करते हैं। ये समाधान जलवायु परिवर्तन से निपटने में एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में कार्य करने की प्रकृति की शक्ति को पहचानते हैं और प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा, बहाली और टिकाऊ प्रबंधन पर जोर देते हैं। पुनर्वनीकरण, वन संरक्षण, आर्द्रभूमि बहाली और टिकाऊ भूमि प्रबंधन जैसे प्राकृतिक जलवायु समाधानों को लागू करके, हम कार्बन पृथक्करण को बढ़ा सकते हैं, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम कर सकते हैं और समग्र पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य को बढ़ावा दे सकते हैं। ये क्रियाएं न केवल कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने और संग्रहीत करने में मदद करती हैं बल्कि जैव–विविधता को संरक्षित करती हैं, पानी की गुणवत्ता में सुधार करती हैं, मिट्टी के स्वास्थ्य को बढ़ाती हैं और स्थानीय समुदायों को अतिरिक्त लाभ प्रदान करती हैं।

एक बात यहाँ ध्यान रखना आवश्यक है कि नेचुरल क्लाइमेट सल्यूशन ऊर्जा क्षेत्र के डीकार्बोनाइजेशन का विकल्प नहीं है; बल्कि, उत्सर्जन कटौती लक्ष्यों को पूरा करने और उससे आगे बढ़ने में मदद करने के लिए डीकार्बोनाइजेशन प्रयासों केसाथ अनिवार्य रणनीति का हिस्सा हैं।

इस संबंध में क्रियान्वयन को अब और पीछे नहीं टाला जा सकता। कारण यह है कि एनसीएस के सफल होने की संभावना वर्ष 2030 तक अच्छी है किन्तु बाद में, विशेषकर वर्ष 2050 के बाद, काफी हद तक घटने की आशंका है। इसके तीन मुख्य कारण हैं: जैसी कि आशंका है, जलवायु परिवर्तन की प्रतिक्रियाएं धीरे–धीरे पारिस्थितिक तंत्र की जैव–विविधता, मूल संरचना, इकोसिस्टम फंक्शन्स और लचीलेपन को ही कम कर देंगी, जिसके परिणामस्वरूप प्रकृति द्वारा कार्बन पृथक्करण और संग्रहीत करने की उनकी क्षमता में भारी कमी आ सकती है। इस बीच, यदि जीवाश्म–ईंधनों से उत्सर्जन में यथावत (बिज़नेसऐजयूज़ुअल) वृद्धि जारी रही तो एनसीएस की तुलनात्मक प्रभाविता बहुत कम हो जाएगी।

> **कार्बन चक्र में पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वर्ष 2010 के आंकड़ों के अनुसार लगभग भूमि के ऊपर 308 गीगाटन वैश्विक स्थलीय कार्बन संचित है और इन तंत्रों द्वारा लगभग 8 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड सालाना संचित की जा रही है। सतह के ऊपर संचित कार्बन की हानि के मुख्य कारण वनों की कटाई, वन क्षरण, और अन्य पारिस्थितिक तंत्रों की बर्बादी हैं।**

वैश्विक समुदाय लंबे समय से जलवायु परिवर्तन शमन के लक्ष्य निर्धारित कर रहा है, लेकिन कुछ हो नहीं रहा है। अब इन लक्ष्यों को पूरा करने हेतु ठोस क्रियान्वयन का समय आ गया है। हम यहाँ पर इस क्रियान्वयन हेतु एक श्रृंखलाबद्ध रूप में प्रमाण–आधारित मार्गदर्शन उन लोगों के लिए प्रदान करेंगे जो अपने नियंत्रणाधीन क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन की गति कम करने के लिए प्रकृति की क्षमता का मूल्यांकन करते हुए क्रियान्वयन करना चाहते हैं। यहाँ यह आज स्पष्ट करना आवश्यक है कि जलवायु परिवर्तन और जैव–विविधता हानि जैसी पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान में प्रमुख बाधाएँ राजनीतिक हैं। राजनेताओं और निर्णय–कर्ताओं की प्रबल और अटूट प्रतिबद्धता के बिना राजनीतिक परिदृश्य में निहित इन बाधाओं से प्रभावी ढंग से नहीं निपटा जा सकता है।

कार्बन चक्र में पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वर्ष 2010 के आंकड़ों के अनुसार लगभग भूमि के ऊपर 308 गीगाटन वैश्विक स्थलीय कार्बन संचित है और इन तंत्रों द्वारा लगभग 8 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड सालाना संचित की जा रही है। सतह के ऊपर संचित कार्बन की हानि के मुख्य कारण वनों की कटाई, वन क्षरण, और अन्य पारिस्थितिक तंत्रों की बर्बादी हैं। इसके उलट वनस्पति में कार्बन सिंक का बढ़ना वन पुनर्स्थापन, वनीकरण और बेहतर वन प्रबंधन और संरक्षण आदि पर निर्भर करता है। कई नीतिगत निर्देश इस बात पर जोर देते हैं कि आवास संरक्षण और पुनर्स्थापन को जैव विविधता संरक्षण और जलवायु परिवर्तन शमन में एक साथ योगदान देते हैं। इनमें संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी), जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) और जैवविविधता पर कन्वेंशन (सीबीडी) और संयुक्त राष्ट्रसंघ का पारिस्थितिक तंत्र पुनर्स्थापन दशक आदि के तहत विविध निर्णय शामिल हैं। लक्ष्य निर्धारण और अंतर्राष्ट्रीय रणनीतियों और कार्य योजनाओं के कार्यान्वयन का समर्थन करने के लिए यह जानना आवश्यक है कि अच्छी तरह से संरक्षित क्षेत्र जैव विविधता के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन शमन जैसी अन्य पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के बीच बढ़िया तालमेल बैठाने में कैसे योगदान करते हैं।

जलवायु परिवर्तन को कम करने की दिशा में वन प्रबंधन और जैव–विविधता हानि को रोकने के लिए वन संरक्षण एक महत्वपूर्ण तंत्र है। संरक्षित क्षेत्र वैश्विक वन संरक्षण प्रयासों की नींव हैं और संयुक्त राष्ट्र एसडीजी को प्राप्त करने में प्रगति निर्धारित करने के लिए संरक्षित क्षेत्रों की प्रभावशीलता की निगरानी महत्वपूर्ण है। हालांकि संरक्षित क्षेत्रों की स्थापना जैव–विविधता संरक्षण पर केंद्रित है, तथापि, जैव विविधता संरक्षण से कार्बन संरक्षण का स्पष्ट सह–लाभ भी है। विशेषकर पुराने, जैवविविध वन भी प्राय: अधिक कार्बन संग्रहीत करते हैं। संरक्षित क्षेत्र कई क्षेत्रों में वन आवरण के नुकसान को प्रभावी ढंग से रोकने के साथ–साथ तापमान और स्थानीय जलवायु को विनियमित करने और संभावित रूप से कार्बन पृथक्करण क्षमता को बढ़ावा देते हैं। इसलिए संरक्षित क्षेत्रों का विस्तार जलवायु परिवर्तन शमन को बढ़ावा देने का एक उत्तम रास्ता है। अक्षुण्ण वन, विशेष रूप से उष्णकटिबंधीय वन, वस्तुत: अधिक मानव–प्रभावित वनों और रोपित मोनोकल्चर की तुलना में दोगुना अधिक कार्बन सोख सकते हैं। ऐसा माना जाता है कि संरक्षित वन क्षेत्र शुद्ध वैश्विक जीएचजी सिंक का एक बड़ा अंश (लगभग 27 प्रतिशत) योगदान करते हैं, लेकिन स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र में अबवग्राउंड कार्बन स्टॉक और प्रवाह के परिमाण में बड़ी अनिश्चितताएं बनी हुई हैं। वैश्विक स्तर पर संरक्षित क्षेत्र किस हद तक कार्बन उत्सर्जन से बचने या कार्बन सीक्वेस्ट्रेशन में योगदान करते हैं, यह अभी तक साफ़ नहीं था। अब हाल में हुई शोध इस बात को स्पष्ट करती है। नासा के जीईडीआई मिशन से सटीक लिडारडेटा का उपयोग करते हुए एक हालिया अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि संरक्षित क्षेत्रों में 61.43 गीगाटन का भारी अबवग्राउंड कार्बन स्टॉक है, जो सभी स्थलीय काष्ठीय कार्बन का लगभग 26 प्रतिशत है। उल्लेखनीय यह भी है कि असुरक्षित वनों की तुलना में संरक्षित क्षेत्र अतिरिक्त 9.65 गीगाटन कार्बन का योगदान करते हैं, जो मुख्य रूप से वनों की कटाई और गिरावट के रुकने से हो रहा है। यह अतिरिक्त कार्बन भंडार लगभग एक वर्ष के वैश्विक जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन के बराबर है। शोध के ये निष्कर्ष भविष्य में कार्बन उत्सर्जन से बचने और कार्बन पृथक्करण को संरक्षित करने के लिए उच्च बायोमास वाले वनों को प्राकृतिक जलवायु समाधान की रणनीति के अनुरूप संरक्षित क्षेत्र घोषित करने की त्वरित आवश्यकता को दर्शित करते हैं (देखें, एल. डनकैंसन इत्यादि, नेचरकम्युनिकेशन्स, 14, आर्ट. 2908, 2023)।

आने वाले समय में श्रृंखलाबद्ध रूप से हम प्रत्येक प्राकृतिक जलवायु समाधान का यहां विस्तृत वर्णन करेंगे जो भारत में क्रियान्वित करना आवश्यक है। भारत द्वारा नेशनली डिटरमाइंड कंट्रीब्यूशन के प्रकाश में प्रत्येक समाधान के योगदान पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही भारत के प्रत्येक राज्य में जो महत्वपूर्ण क्रियान्वयन हो रहे हैं या हुए हैं उनको केस स्टडीज के रूप में भी यहां वर्णित किया जाएगा। एक अच्छी बात यह है कि भारत सरकार का वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा सभी राज्य सरकारों के वन एवं पर्यावरण विभागों द्वारा प्राकृतिक जलवायु समाधान की दिशा में गहरी प्रतिबद्धता दर्शित की गई है। सरकारों द्वारा किए जा रहे क्रियान्वयन को प्रमाण–आधारित बनाने के लिए अनेक वैश्विक संस्थान जानकारी साझा करने के लिए तत्पर हैं। ऐसे संस्थानों का यह भी मानना है कि भारत में किये जा रहे क्रियान्वयन विश्व के लिए मार्गदर्शन प्रदान कर सकते हैं। विशेष रूप से द नेचर कंजर्वेन्सी और टेरी स्कूल ऑफ़ एडवांस्ड स्टडीज के सहयोग से भारत के विभिन्न राज्यों में 16 राउंड टेबल्स और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर भारत सरकार के सहयोग से दो राष्ट्रीय कार्यशालाएं भी प्रस्तावित हैं। आशा की जाती है कि ऐसे नवाचारों द्वारा उपलब्ध ज्ञान को उन लोगों तक पहुंचने में मदद मिलेगी जो इस ज्ञान का प्रयोग जमीन पर प्राकृतिक जलवायु समाधानों के क्रियान्वयन हेतु कर सकते हैं।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीपनारायण पाण्डेय**
**(भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त; वर्तमान में अनेक विश्वविद्यालयों मेंविजिटिंगप्रोफेसर)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं)**

# देश में समानता बनाये रखने के लिए भाईचारा बहुत जरूरी है : सीजेआई डी. वाई. चन्द्रचूड

## सीजेआई डी. वाई. चन्द्रचूड ने बीकानेर में ई-कोर्ट्स फेज-3 की घोषणा की, ई-कोर्ट्स के जरिए बीकानेर के वकील हाईकोर्ट में वीसी के जरिये पैरवी कर सकेंगे

**बीकानेर,** (कासं)। देश में समानता बनाये रखने के लिए भाईचारा बहुत जरूरी है। संविधान की भावना के मुताबिक हमें एक दूसरे का सम्मान करना चाहिए। अगर लोग आपस में लड़ेंगे तो देश तरक्की कैसे करेगा। यह बात शनिवार को देश के प्रधान न्यायाधीश डॉ. डी. वाई. चन्द्रचूड ने बीकानेर के एमजीएस विवि. के सभागार में हमारा संविधान हमारा सम्मान रीजनल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही।

प्रधान न्यायाधीश ने बीकानेर में वकीलों के लम्बे समय से आन्दोलन हाईकोर्ट बैंच के एवज में ई–कोर्ट्स की घोषणा की। जिससे बीकानेर के वकील बीकानेर से हाईकोर्ट में वीसी के जरिये पैरवी कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि न्याय विभाग ने ई–कोर्टस फेज–3 के लिए सात हजार करोड़ का बजट प्रदान किया है। इससे ई–कोर्ट्स में वीसी की सुविधा मिलेगी ताकि बीकानेर के वकील हाईकोर्ट में अपनी बहस कर सकें। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट जयपुर व जोधपुर तक ही नहीं पूरे राज्य तक इसकी पहुंच ई–कोर्ट्स के जरिये हो सकेगी।



बीकानेर के एमजीएस सभागार में न्याय विभाग की ओर से आयोजित प्रदर्शनी का प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड व केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल आदि ने अवलोकन किया।

> ■ प्रधान न्यायाधीश डॉ. डी. वाई. चन्द्रचूड ने बीकानेर के एमजीएस विवि. के सभागार में ''हमारा संविधान हमारा सम्मान'' रीजनल कार्यक्रम में शिरकत की

समरोह को सम्बोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चन्द्रचूड ने कहा कि भारतीय संविधान में आमजन के जीवन में इसका काफी महत्व है। संविधान के जरिये देश में बंधुता भाईचारे को भी बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने सवैधानिक अधिकारों के साथ लोगों से दायित्व निर्वहन करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान में अटूट संबंध में यह हर व्यक्ति को अधिकारों के साथ कर्तव्य भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान एक दस्तावेज है। जिसमें सामान्य सिद्धांतों मानवीय भावनाओं को प्रकट करने का प्रावधान एक साथ मिलता है। शनिवार को बीकानेर आये भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा है कि न्याय सबके लिए समान रूप से होना चाहिए। भारत के अलग–अलग राज्यों के कौने–कौने में बैठे भारतीय को न्याय मिले, यही सुप्रीम कोर्ट की अवधारणा है। सीजेआई ने कहा कि भारत के संविधान निर्माण में बीकानेर का बड़ा योगदान रहा है। संविधान सभा के 284 सदस्यों में एक बीकानेर के जसवंत सिंह थे। इसके अलावा बीकानेर के महाराजा गंगासिंह प्रिंसेस चैम्बर के चांसलर रहे। संविधान केवल वकीलों का दस्तावेज नहीं है। इसकी आत्मा कई युगों की भावना है।

उन्होंने कहा कि संविधान से हमें कई अधिकार मिले हैं और यह कोर्ट से लेकर गांव के चबूतरों तक अपना स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि देश के किसी भी कोर्ट में स्थानीय भाषा में फैसला होना चाहिए। अगर मैं दिल्ली में बैठकर कोई निर्णय वकील के लिए, जज के लिए दे रहा हूं तो वो कठिन भाषा में हो सकता है। लेकिन अगर मैं आम आदमी के लिए निर्णय कर रहा हूं तो निश्चित रूप से सरल भाषा में होना चाहिए। देश के जिला स्तर के कोर्ट की बिल्डिंग में सुधार होना चाहिए। ये बिल्डिंग आधुनिक स्तर की होनी चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने सीजेआई डी. वाई. चन्द्रचूड के बीकानेर आने पर स्वागत करते हुए कहा कि यह बीकानेर के लिए गर्व का पल है। जब भारत के प्रधान न्यायाधीश बीकानेर में है। मेघवाल ने सुप्रीम कोर्ट में डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की वकील की वेशभूषा में मूर्ति लगाने पर भी सीजेआई का आभार व्यक्त किया। मेघवाल ने यहां से भारत के पांच सौ आकांक्षी ब्लाकों में न्याय सहायक कार्यक्रम की शुरूआत की। न्याय सहायक जिले व ग्रामीण स्तर पर न्याय से वंचित लोगों के घरों तक जाकर उन्हें न्याय दिलाने में सहयोग करेंगे। उन्होंने न्याय विभाग की ओर से न्याय बंधु, न्याय सेतु व दिशा कार्यक्रम के जरिये न्याय विभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि न्याय विभाग अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। समारोह में चीफ जस्टिस ऑफ राजस्थान मनिंदर मोहन श्रीवास्तव, राजस्थान सरकार के कानून मंत्री जोगाराम और विश्वविद्यालय के कुलपति मनोज दीक्षित अतिथि के रूप में मौजूद थे। सबसे पहले बटन दबाकर डॉ. चंद्रचूड और कानून मंत्री मेघवाल ने अभियान का आगाज किया। कार्यक्रम में जिला मजिस्ट्रेट देवेन्द्र शमा समेत तमाम न्यायिक अधिकारी और जिलेभर के अधिवक्ता समारोह में शामिल हुए।

# भारत और जापान के बीच सैन्य अभ्यास ''धर्मा गार्डियन'' का समापन

## दोनों देशों के 40 सैनिकों ने 48 घंटे तक लगातार सैन्य अभ्यास किया

**बीकानेर,** (निसं)। महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत और जापान के बीच सैन्य अभ्यास ''धर्मा गार्डियन'' का समापन हुआ। इससे पहले 48 घंटे तक लगातार अभ्यास किया।

दोनों देशों के 40 सैनिकों के फायरिंग, ऑपरेशनल गतिविधि, आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन और युद्ध के दौरान दुश्मन पर हमला करने का अभ्यास किया गया। इस दौरान डॉग स्क्वायड के श्वानों का भी इस्तेमाल किया गया। 25 फरवरी से शुरू हुआ यह अभ्यास 8 मार्च तक चला इसमें जापान की 34वीं इन्फेंट्री रेजीमेंट तथा भारत की 19वीं राजपूताना राइफल्स बटालियन के सैनिकों ने भाग लिया। 14 दिन चले दोनों सेनाओं के अभ्यास में इंटर ऑपरेटिंग और युद्ध लड़ने की क्षमताओं से एक–दूसरे को परिचित कराया गया। इसमें भारत की राजपुताना राइफल्स बटालियन और जापान के 40 सैनिकों का समूह शामिल हुआ। समापन के दिन आतंकियों पर सेना की कार्रवाई के लाइव प्रदर्शन से दर्शाया गया कि दोनों देशों की तकनीक, रणनीतिक क्षमता और ताकत के सामने आतंकियों के मंसूबे कभी कामयाब नहीं हो सकते। सैन्य ऑपरेशन में डॉग एलन और बोलो का आतंकियों पर हमला कर हथियार छीनकर सैनिकों तक पहुंचाने का नजारा रोंगटे खड़े कर देने वाला था। डिफेन्स पीआरओ कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि संयुक्त अभ्यास के पहले सात दिन कॉम्बैट कंडीशनिंग और कार्यनीतिक प्रशिक्षण पर केंद्रित रहे। बाद के सात दिनों के दूसरे चरण में यहां अर्जित कौशल को लागू किया गया। भारत की राजपुताना राइफल्स बटालियन और जापान के 40 सैनिकों का समूह शामिल रहा। महाजन फील्ड फायरिंग रेंज शुक्रवार को बम के धमाकों के साथ उठते आग के गोलों और सैनिकों की राइफल से दुश्मन पर गोलियों की बौछार से गूंज उठी।

> ■ जापान की 34वीं इन्फेंट्री रेजीमेंट तथा भारत की 19वीं राजपूताना राइफल्स बटालियन के सैनिकों ने भाग लिया

# गोवंश के मुंह में पोटाश से ब्लास्ट, कई गायों की मौत

## घटना को लेकर ग्रामीणों व जीव प्रेमियों ने रोष जताया, पुलिस मौके पर पहुंची

**बीकानेर,** (निसं)। बज्जू उपखंड क्षेत्र में पशुओं के साथ पशु क्रूरता का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। सीमावर्ती बरसलपुर गांव की रोही में पशुओं के मुंह में पोटाश से ब्लास्ट से 2–3 गोवंश की मौत हो गई। इस घटना को लेकर ग्रामीणों व जीव प्रेमियों ने रोष जताया।

घटना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र होने पर रणजीतपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और मेडिकल बोर्ड से पशुओं का पोस्टमार्टम करवाया गया। मौके पर बरसलपुर सरपंच थारूराम मेघवाल, सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश चंदेल, पन्नालाल चंदेल, पुन्नू खां सीताराम, रामसिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और घटना पर विरोध जताया।

> ■ ब्लास्ट होने से घायल हुये गोवंश का उपचार जारी, प्रशासन से कार्रवाई करने की मांग

जीव प्रेमियों ने बताया कि घटना का तब पता चला, जब पशुपालक की गाय घर आई और उसका मुंह ब्लास्ट से फटा था। इसके बाद रोही में अन्य कई पशुओं की ब्लास्ट से मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने बताया कि सभी पशुओं की मौत मुंह में ब्लास्ट होने से हुई है। वहीं ब्लास्ट से घायल गोवंश का उपचार चल रहा है। घटना को लेकर देहात कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष श्यामसिंह भाटी ने कहा कि ऐसी घटनाओं को लेकर जीव प्रेमियों में रोष बढ़ता जा रहा है। यदि जल्द आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया, तो आंदोलन किया जाएगा। घटना को लेकर जीव प्रेमी सुरेश तेतरवाल, सुनील गोदारा, श्रवण पूनियां, मांगीलाल खीचड़, कैलाश चंदेल सहित लोगों ने रोष जताया और प्रशासन से कार्रवाई करने की मांग रखी।

हेड कांस्टेबल गोकुलराम ने बताया कि पशुपालक सीताराम मेघवाल ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी गाय रोही में विचरण करने गई थी। जब वापस लौटी, तो दर्द से कहरा रही थी व उसका मुंह फट चुका था। उसका इलाज करवाया, लेकिन बच नहीं पाई। इस पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच थानाधिकारी चंद्रजीतसिंह कर रहे हैं।

क्षेत्र में इस तरह का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी पशु क्रूरता के मामले आरडी 860 पर देखे जा चुके है। फरवरी 2021 में लगातार कई दिनों तक ऐसे मामले सामने आए थे। इसके विरोध में जीव प्रेमियों ने बाजार बंद व सड़क पर जाम लगा कर धरना शुरू कर दिया था। इसके बाद बीकानेर से बम निरोधक दल भी पहुंचा था और प्रशासन के अधिकारियों को कई दिन तक परेड करनी पड़ी थी। यहां एक दर्जन से ज्यादा पशुओं की मौत हो गई थी। आरडी 860 में पूर्व में भी इसी तरह के मामले सामने आ चुके हैं। उस समय सुअरों के मांस के लिए कुछ शिकारी प्रवृत्ति के लोग ऐसा करते थे। ये लोग आटे की गोलियां बनाकर उसमें पोटाश भर देते थे और सुअरों की पगडंडी में गड्ढा खोदकर छिपा देते थे। कई बार पशुओं के पैरों से यह गोली ऊपर आ जाती थी। इस आटे की गोली को पशुधन खा लेता था और मुंह में ब्लास्ट हो जाता है, जिससे पशुधन की तड़प–तड़प कर मौत हो जाती है।

## राशिफल रविवार 10 मार्च, 2024



पंडित अनिल शर्मा

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, रविवार, विक्रम संवत 2080, पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र रात्रि 1:55 तक, साध्य योग सांय 4:13 तक, नाग करण दिन 2:30 तक, चन्द्रमा रात्रि 8:40 से मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कुम्भ, चन्द्रमा–कुम्भ, मंगल–मकर, बुध–मीन, गुरू–मेष, शुक्र–कुम्भ, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 1:55 सूर्योदय तक है। आज देवपितृकार्य अमावस्या, शिव खप्पर पूजा, मन्वादि, पंचक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 8:13 से 9:41 तक, लाभ–अमृत 9:41 से 12:37 तक, शुभ 2:05 से 3:33 तक।


**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:45, सूर्यास्त 6:24

### मेष



आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

### वृष



अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मिथुन


नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक कार्यों में आस्था बढ़ेगी। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

### कर्क


चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

### सिंह


परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### कन्या


अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आज नये–पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।

### तुला


महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है। उचित परामर्श मिलेगा। घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

### वृश्चिक


घर–परिवार में वाद–विवाद टालना ठीक रहेगा। परिजनों के व्यवहार के कारण अपमानित होना पड़ सकता है। परिवार में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।

### धनु



परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। आज व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

### मकर


आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### कुंभ


मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। मन:स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी।

### मीन


अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।

# 'राजस्थान को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्म निर्भर बनाना चाहते हैं भजनलाल'

## थर्मल एवं अक्षय ऊर्जा से 31825 मेगावाट बिजली उत्पादन की विभिन्न परियोजनाएं होंगी स्थापित

- इसके लिये 1.60 लाख करोड़ रूपए के निवेश का होगा करार
- साथ ही 10 मार्च को राज्य सरकार के विद्युत निगमों एवं केन्द्रीय उपक्रमों के मध्य 5 एमओयू एवं 1 पीपीए पर होंगे हस्ताक्षर
- एक और उपलब्धि होगी, राज्य सरकार एवं आरईसी के मध्य भी होगा एमओयू, परियोजनाओं के लिए मिलेगा 20 हजार करोड़ का ऋण

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरगामी सोच एवं निरंतर प्रयासों से प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में 10 मार्च को नए कीर्तिमान स्थापित होंगे। प्रदेश में ऊर्जा प्रसारण तंत्र को सुदृढ़ बनाने एवं थर्मल व अक्षय ऊर्जा के उत्पादन की नई परियोजनाओं की स्थापना के लिए राज्य सरकार एवं केन्द्रीय उपक्रमों के मध्य विभिन्न एमओयू तथा पावर परचेज एग्रीमेंट होगा। राज्य में 31 हजार 825 मेगावाट से अधिक बिजली उत्पादन की विभिन्न परियोजनाओं सहित ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए 1.60 लाख करोड़ रुपये के निवेश के लिए राज्य की 3 विद्युत निगमों एवं 6 केन्द्रीय उपक्रमों के उच्च अधिकारियों के मध्य रविवार सुबह मुख्यमंत्री कार्यालय में 5 एमओयू तथा एक पावर परचेज एग्रीमेंट किया जाएगा।

इन समझौतों के तहत 3325 मेगावाट क्षमता की थर्मल आधारित परियोजनाओं के लिए राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरवीयूएन) के साथ कोल इंडिया लिमिटेड, राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) तथा एनएलसी इंडिया के मध्य एमओयू किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अक्षय ऊर्जा आधारित 28 हजार 500 मेगावाट की परियोजनाओं के लिए आरवीयूएन तथा एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के बीच एमओयू होगा। ये नई परियोजनाएं संयुक्त उद्यम के माध्यम से विकसित की जाएंगी तथा इन पर 1 लाख 50 हजार करोड़ रूपए का निवेश किया जाएगा। इसी प्रकार राज्य में विद्युत प्रसारण तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन के बीच 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश का समझौता होगा। साथ ही, 600 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से बिजली की आपूर्ति के लिए राजस्थान ऊर्जा विकास निगम एवं एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी के बीच पावर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) भी किया जाएगा।

राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम द्वारा छबड़ा तापीय विद्युत परियोजना में 1600 मेगावाट कोयला आधारित परियोजना के लिए एनटीपीसी के साथ तथा 25000 मेगावाट सौर/पवन परियोजना के लिए एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के साथ समझौता किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रदेश के अवसंरचना क्षेत्र के विकास के लिए राजस्थान सरकार के विभिन्न उपक्रमों को वित्तीय संसाधन उपलब्ध करवाने की दृष्टि से रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन (आरईसी) लिमिटेड एवं राज्य सरकार के मध्य भी एमओयू किया जाएगा। इसके अन्तर्गत आरईसी लिमिटेड राज्य सरकार के विभिन्न विभागों, उपक्रमों, संस्थाओं और योजनाओं के लिए 20 हजार करोड़ रूपए का ऋण प्रतिवर्ष उपलब्ध करवाएगा। इस एमओयू से आपणो अग्रणी राजस्थान की परिकल्पना साकार होगी और प्रदेश के अवसंरचना क्षेत्र जैसे बिजली, पानी, सिंचाई, मेट्रो, परिवहन एवं कृषि से सम्बंधित परियोजनाओं में तेजी से वृद्धि होगी जिससे राज्य आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न प्रदेष बनने की ओर अग्रसर होगा।




**राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन की ओर से 10 मार्च को सुबह छह बजे से दो दिन के लिये प्रदेशव्यापी हड़ताल का निर्णय लिया गया है। यह जानकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह भाटी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। इस दौरान प्रदेश का कोई भी डीलर किसी भी प्रकार की खरीद व बिक्री नहीं करेगा।हड़ताल के निर्णय को देखते हुए शनिवार को शाम से ही जयपुर के पेट्रोल पंपों पर लोगों की भीड़ लगना शुरू हो गई।**

## कांस्टेबल के परिजनों को विशेष सहायता पैकेज

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को सिरोही के स्वरूपगंज थाना क्षेत्र के लौटाना गांव में महाशिवरात्रि पर्व पर हुए वारदात में पुलिस कांस्टेबल निरंजन सिंह की मृत्यु पर शोक प्रकट करते हुए घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। मुख्यमंत्री ने कांस्टेबल निरंजन के एक आश्रित को सरकारी नौकरी सहित परिवार को विशेष आर्थिक सहायता पैकेज प्रदान करने की घोषणा की, जिसमें अन्य विभागीय परिलाभों सहित 1 करोड़ 35 लाख रुपए मृतक कांस्टेबल के परिवार को प्राप्त होंगे।

उन्होंने कर्तव्य निर्वहन के दौरान जान गंवाने वाले कांस्टेबल निरंजन सिंह को नमन किया और शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। विशेष आर्थिक पैकेज में राज्य सरकार की ओर से मृतक आश्रित को उसके गृह जिले अथवा पदस्थापन क्षेत्र में एमआईजी श्रेणी का आवास, छात्रवृत्ति, बिजली कनेक्शन इत्यादि हेतु कुल 20 लाख रुपए की विशेष आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त विभागीय प्रक्रियानुसार पारिवारिक पेंशन, राज्य बीमा, जीपीएफ, ग्रेच्युटी, सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, विशेष जीवन बीमा, दयामूलक अनुदान नियमानुसार देय होंगे।

सिरोही जिले के पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा 7-8 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मुख्य आरोपी प्रवीण गरासिया की पहचान कर ली गई है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। मूल रूप से गोटन (नागौर) के निवासी मृतक पुलिस कांस्टेबल निरंजन सिंह 3 वर्षों से स्वरूपगंज में पदस्थापित थे।







# डॉ. रंजन लांबा के झुंझुनूं स्थित ठिकानों पर ए.सी.बी. की टीम फिर पहुंची

## ए.सी.बी. की टीम ने प्रॉपर्टी से लेकर मशीनरी तक सभी की वैल्यूएशन की

**झुंझुनूं, (निसं)।** शनिवार को एक बार फिर डॉ. रंजन लांबा के ठिकानों पर एसीबी की टीम पहुंची है। झुंझुनूं स्थित डॉ. रंजन लांबा के मकान, फॉर्म हाउस और उनकी पत्नी डॉ. सुनिता लांबा के अस्पताल स्पार हॉस्पिटल की वेल्यूवेशन करने के लिए जयपुर से विशेष टीम आई।

ए.सी.बी. एएसपी इस्माइल खान ने बताया कि फिलहाल जिन 22 प्रोपर्टियों की जानकारी सामने आई है। उन सभी की बाजार कीमत का आंकलन किया जा रहा है। इसके लिए टीम बुलाई गई है। इसके अलावा एक विशेष टीम अस्पताल की मशीनरी का भी वेल्यूवेशन किया। उन्होंने बताया कि डॉ. रंजन लांबा, उनकी पत्नी डॉ. सुनिता लांबा, पिता रामनिवास लांबा तथा मां के बैंक खातों को फ्रीज करवा दिया गया है। जिनकी पड़ताल पर बैंक खुलने के बाद सोमवार को की जाएगी। वहीं अन्य बैंक खाते और लॉकरों को भी खंगाला जाएगा।

जानकारी के अनुसार आय से अधिक संपत्ति के मामले में एफआईआर दर्ज करने के बाद एसीबी ने सात मार्च को एसएमएस अस्पताल के चिकित्साधिकारी डॉ. रंजन लांबा के झुंझुनूं व जयपुर स्थित पांच ठिकानों पर सर्च किया था। सर्च के दौरान डॉ. रंजन लांबा और उनके परिजनों की 22 प्रोपर्टी सामने आई थी। अब एसीबी इन प्रोपर्टी की कीमत का आंकलन करने में लगी हुई है।

लंबे समय से एसीबी के रडार पर थे डॉ. रंजन लांबा:-जयपुर स्थित एसएमएस के चिकित्सक डॉ. रंजन लांबा पर आय से अधिक संपत्ति के मामले में एसीबी की कार्रवाई के बाद रोज नए खुलासे हो रहे हैं। अब सामने आया है कि डॉ. रंजन लांबा के खिलाफ शिकायत मिलने के बाद करीब एक साल से ज्यादा समय से डॉ. रंजन लांबा पर एसीबी नजर रखे हुए थे। एसीबी ने अपने सोर्स से ही गुपचुप में डॉ. रंजन लांबा की प्रोपर्टियों को चिह्नित किया। इसके बाद एक साथ पांच जगहों पर सर्च चलाया। सूत्रों की मानें तो प्रारंभिक सूचना पर सारी जांच पूरी होने के बाद चिकित्सक डॉ. रंजन लांबा पर आय से 114 प्रतिशत अधिक संपत्ति का प्रारंभिक जानकारी सामने आई। जिसके बाद एसीबी ने छह मार्च को डॉ. रंजन लांबा, उनकी पत्नी डॉ. सुनिता लांबा, उनके पिता रामनिवास लांबा तथा मां के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया। इसी छह मार्च को एसीबी कोर्ट जयपुर से एसीबी के जांच अधिकारी झुंझुनूं एएसपी इस्माइल खान ने पांच जगहों के सर्च वारंट प्राप्त कर सात मार्च को सुबह सात बजे एक साथ पांच जगहों पर सर्च शुरू किया।

चार खातों को एसीबी ने करवाया फ्रीज:-इधर, सामने आया है कि एसीबी ने डॉ. रंजन लांबा, उनकी पत्नी डॉ. सुनिता लांबा, उनके पिता रामनिवास तथा मां के बैंक खातों को भी तुरंत फ्रीज करवा दिया है। अब बैंक खातों के अलावा बैंकों में इस परिवार के लॉकरों को लेकर भी जांच की जाएगी। वहीं साथ ही साथ एसीबी ने 22 प्रोपर्टियों के जो दस्तावेज जब्त किए है। उनकी कीमत का आंकलन करवाने की पूरी तैयारी में है। संभवतया शनिवार या फिर रविवार को एसीबी की वेल्यूवेशन टीम इन सभी प्रोपर्टियों की बाजार कीमत का आंकलन कर एसीबी को रिपोर्ट पेश करेगी। बैंकों की जानकारी और प्रोपर्टी वेल्यूवेशन रिपोर्ट आने के बाद अपनी इस जांच को आगे बढ़ाएगी।



जयपुर से आई एसीबी की विशेष टीम ने झुंझुनूं स्थित डॉ. रंजन लांबा के ठिकानों पर कार्यवाही की।

- **'जिन 22 प्रोपर्टियों की जानकारी सामने आई है, उन सभी की बाजार कीमत का आंकलन किया जा रहा है'**
- **जयपुर स्थित एसएमएस के चिकित्सक डॉ. रंजन लांबा पर आय से अधिक संपत्ति के मामले में एसीबी की कार्रवाई के बाद रोजाना नए खुलासे हो रहे हैं**

# नाइजीरियाई नागरिक को ट्रेन से गिरफ्तार किया

**कोटा, (निसं)।** जीआरपी थाना पुलिस ने एक नाइजीरियाई नागरिक को राजधानी तेजस एक्सप्रेस से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास भारत में रहने के लिए पर्याप्त वीजा नहीं था। वह अवैध रूप से भारत में निवास करता पाया गया है। ऐसे में उसे शुरुआत में धारा 151 के तहत गिरफ्तार किया गया था जिसके बाद अब मुकदमे में भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

जीआरपी थाना कोटा के एसएचओ संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि ट्रेन संख्या 12952 दिल्ली मुंबई तेजस राजधानी एक्सप्रेस से एक 34 वर्षीय नाइजीरियाई नागरिक अवावा सात मार्च को सफर कर रहा था। आरोपी नाइजीरियाई नागरिक के पास दिल्ली से मुंबई का टिकट मिला है। इसके संबंध में रेलवे के रनिंग स्टॉफ के जरिए ही सूचना मिली थी। इसके बाद यात्री को कोटा में उतार दिया गया और उसके डॉक्यूमेंट की जांच की गई। उसके पास भारत में रहने के उचित दस्तावेज नहीं मिले थे। ऐसे में उसे शांतिभंग की धारा 151 के तहत मौके से गिरफ्तार किया गया। विदेशी नागरिक होने के चलते उसकी जानकारी खुफिया एजेंसी को भी सौंपी गई जिसके बाद सभी खुफिया एजेंसियों ने ज्वाइंट इंटेरोगेशन भी किया। इन्वेस्टिगेशन में सामने आया कि आरोपी का वीजा साल 2019 के पहले ही खत्म हो गया था। इसके बावजूद वह भारत में पांच साल से गैरकानूनी रूप से रह रहा था। ऐसे में उसे गैर कानूनी तरीके से निवास करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। इसके पहले भी 18 जुलाई को एक नाइजीरियाई नागरिक मंडे इनेक एगवुओबा को इसी तरह से राजधानी एक्सप्रेस से गिरफ्तार किया गया था।

- **आरोपी के पास भारत में रहने के लिए पर्याप्त वीजा नहीं था, वह अवैध रूप से भारत में निवास करता पाया गया है**

## बोर्ड परीक्षा में एक डमी परीक्षार्थी पकड़ा

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सीनियर सैकण्डरी परीक्षा में शनिवार को दो प्रकरण दर्ज हुए। इनमें एक प्रकरण डमी परीक्षार्थी का तथा एक प्रकरण नकल का दर्ज किया गया। बोर्ड सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक पदमपुरा गंगापुर सिटी में परीक्षार्थी के स्थान पर डमी परीक्षार्थी परीक्षा देते हुए पकड़ गया। उसके विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवा दी गई है। इसी तरह महात्मा गांधी सेठ सूरजमल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फुलेरा में एक परीक्षार्थी को नकल करते पकड़ गया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PHED PROJ. DIVISION KARAULI HQ TODABHIM**
(E-mail- eeproj.kar.phed@rajasthan.gov.in)
**NOTICE INVITING BID**
Project Division Karauli has invited Bids for various works, interested bidder may participated on the procurement portal from 01.03.2024 up to 11.03.2024 for other particulars may visited on SPPP Portal.
NIB CODE- PHE2324A5918

| S.N. | NIT NO. | UBN |
|---|---|---|
| 1 | 150/2023-24 | PHE2324WSOB14142 |
| 2 | 151/2023-24 | PHE2324WSOB14143 |

Executive Engineer
Public Health Engineering Department
Proj. Division Karauli HQ Todabhim
DIPR/C/2419/2024

राजस्थान सरकार
**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, बीकानेर**
स्वास्थ्य भवन, त्यागी वाटिका, जेल वैल, बीकानेर, फोन-0151-2201142, email-eemhbikaner@ymail.com
क्रमांक-EE/M&H/BKN/2022-23/3998 दिनांक-8.3.2024
**अल्पकालीन ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या-35/2023-24**
निम्नहस्ताक्षरकर्ता द्वारा राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला बीकानेर एवं श्री गंगानगर में रू. 176.62 लाख के 04 कार्य हेतु एए,ए,बी,सी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष उपर्युक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे/एमईएस इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। अल्पकालीन निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेबसाइट www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।
UBN- 1- NRH2324WSOB02516, 2- NRH2324WSOB02517, 3- NRH2324WSOB02518, 4- NRH2324WSOB02519
अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, बीकानेर
DIPR/C/2422/2024

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता जन स्वा. अभि. विभाग वृत-करौली**
E-Mail: secircle.kar.phed@Rajasthan.gov.in
**बोली आमंत्रित करने की सूचना (एनआईटी संख्या 37-41/2023-24)**
परिवर्तित हैण्डपम्प से पाईप्ड योजना घावली मरौनासंचालन संधारण 05 वर्ष, ब्लॉक मण्डरॉयल, परिवर्तित हैण्डपम्प से पाईप्ड योजना गोपालपुर ब्लॉक मण्डरॉयल, परिवर्तित हैण्डपम्प से पाईप्ड योजना मार का कुंआ ब्लॉक मण्डरॉयल, परिवर्तित हैण्डपम्प से पाईप्ड योजना सिमारा ब्लॉक मण्डरॉयल, परिवर्तित हैण्डपम्प से पाईप्ड योजना टोडा ब्लॉक मण्डरॉयल कार्य के लिए इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 27.03.2024 सायं 6.00 बजे तक बोली आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण ऑनलाइन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in & sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा का अनुमानित मूल्य रूपये 482.91 लाख।
NIB- PHE2324A5962
UBN- PHE2324WSOB14605, PHE2324WSOB14611, PHE2324WSOB14615, PHE2324WSOB14619, PHE2324WSOB14623
(परशुराम वर्मा) अधीक्षण अभियंता
जन स्वा. अभि. विभाग, वृत करौली
DIPR/C/2450/2024

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, 19वां खण्ड, इगांनप, जैसलमेर**
Email-ee19dnignp.jsl@RAJASTHAN.GOV.IN, Mo. 9414226433
क्रमांक- निविदा/अअ/19वां/2893-2909 दिनांक- 05.03.2024
**निविदा सूचना सं. 04/2023-24**
IGB2324A0116
राजस्थान राज्यपाल महोदय की ओर से जल संसाधन/इन्दिरा गांधी नहर परियोजना विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।


| | |
|---|---|
| निविदा की कुल लागत | रू. 37.54 लाख (कुल कार्य 1) |
| निविदा फार्म अपलोड की तारीख | 05.03.2024 से 14.03.2024 सायं 6.00 बजे तक |
| दस्तावेज जमा कराने की तारीख | 15.03.2024 सायं 03.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | 15.03.2024 सायं 4.00 बजे से |

यूबीएन नं. 1-IGB2324SLOB00539
निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
DIPR/C/2544/2024 अधिशाषी अभियन्ता, 19वां खण्ड, इगांनप, जैसलमेर

**Office of the Executive Engineer Water Resources Division, Karauli**
No. 2023-24/5409 Date: 06.03.2024
**Short Term NIT NO 06 YEAR 2023-24**
On behalf of Governor of Rajasthan invites e-tender from eligible contractor for procurement of MG NREGA budget Head estimated cost of works is Rs. 111.59 Lacs. The details are available on the following websites-
UBN NO.
1- WRD2324WSOB02093, 2- WRD2324WSOB02094, 3- WRD2324WSOB02095, 4- WRD2324WSOB02096, 5- WRD2324WSOB02097, 6- WRD2324WSOB02098, 7- WRD2324WSOB02099, 8- WRD2324WSOB02100, 9- WRD2324WSOB02101
1- https://eproc.rajasthan.gov.in 2- https://dipr.rajasthan.gov.in 3- https://sppp.rajasthan.gov.in 4- https://water.rajasthan.gov.in
Executive Engineer
Water Resources Division, Karauli
DIPR/C/2673/2024

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड धौलपुर**
मचकुण्ड चौराहा, जी.टी.रोड, धौलपुर, फोन-05842-220728, email-ee.dho.phed@rajasthan.gov.in
क्रमांक-2682-91 दिनांक- 06.03.2024
**ई-निविदा सूचना संख्या 97-100/2023-2024**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड के अधीन विभिन्न कार्यो की उपरोक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण निम्न यू.वी.एन. के अनुसार www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.rajwater.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउन लोड भी किये जा सकते है।
एन.आई.बी.नं. PHE2324A6194
यू.वी.एन. PHE2324WSOB14868
यू.वी.एन. PHE2324WSOB14871
यू.वी.एन. PHE2324WSOB14873
यू.वी.एन. PHE2324WSOB14875
(आशाराम मीणा)
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वा. अभि. विभाग
खण्ड धौलपुर
DIPR/C/2703/2024

**Office of the Executive Engineer PHED Division Bari**
No. Date: 05.03.2024
**NOTICE INVITING BID NO.60 to 61/2023-24**
Online bids for NIT No. 60 to 61/2023-24 (2 works), costing 60.00 Lacs are invited on behalf of the Governor of Rajasthan from eligible enlisted in appropriate class contractors of PHED, Rajasthan and meeting eligibility criteria, Details of Bid notification and pre-qualification criteria can be seen on web site http://sppp.raj.nic.in and https://eproc.rajasthan.gov.in. Bids are to be submitted online in electronic format on web site https://eproc.rajasthan.gov.in from 06.03.2024 to 15.03.2024 at 1.00 PM and bids are to be opened at 3.00 pm on 15.03.2024 in presence of willing bidders/there authorize representative.
NIB: PHE2324A6138
UBN- PHE2324WSOB14757, PHE2324WSOB14760
Jai Narayan Chetiwal
Executive Engineer
PHED Division Bari
DIPR/C/2444/2024



भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां एवं केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक दुर्गादासकी माताजी के निधन पर बीकानेर पहुँचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# ट्रक से टकराकर पलटी कार, परिवार के तीन जनों की मौत

## टायर फटने से कार बेकाबू होकर तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गई थी, तीन घायल


हादसे के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे करवाया।

**पाली, (निसं)।** पाली में नेशनल हाईवे-162 पर टायर फटने से कार बेकाबू होकर तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गई। ट्रक से टकराकर कार पलट गई। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन सदस्य घायल हो गये। घायलों को सुमेरपुर हॉस्पिटल भर्ती करवाया गया है।

हादसा शाम पांच बजे के करीब सुमेरपुर से दो किलोमीटर दूर नेतरा गांव में हुआ। हादसे की सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे करवाकर यातयात सुचारू कराने में जुटे। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि कार का टायर फटने के कारण हादसा हुआ था। जानकारी के अनुसार परिवार के लोग पाली जिले के कोसेलाव, पावा गांव के हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

सुमेरपुर थाने के एसएचओ भारतसिंह ने बताया कि हादसा सुमेरपुर थाना इलाके के नेतरा गांव में हुआ है। ट्रक की रफ्तार तेज थी, जिससे कार टकराकर पलट गई। कार में एक ही परिवार के कुल छह लोग थे। इनमें बच्चे भी है। घायलों को सुमेरपुर हॉस्पिटल पहुंचाया है। मृतकों की बॉडी सुमेरपुर हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाई गई है और उनकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। हादसे के बाद पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे करवाकर यातायात सुचारू करवाया। इसके बाद हादसे के कारण की जांच की जाएगी। कार ट्रक से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और हाईवे पर पलट गई। घायलों की चीख पुकार से हाईवे गूंज उठा। पुलिस ने उधर से गूज रहे लोगों की मदद से घायों को एम्बुलेंस से हॉस्पिटल पहुंचाया।

- **घायलों को सुमेरपुर हॉस्पिटल में भर्ती करवाया, पुलिस मौके पर पहुंची**

# एसयूवी ने ननद-भाभी को कुचला, ननद की मौत

**जोधपुर, (कासं)।** सिंधी कॉलोनी जलजोग के पास में एक एसयूवी कार के चालक ने ननद- भाभी को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में ननद की मौत हो गई जबकि उसकी भोजाई घायल हो गई।

शास्त्रीनगर थाने के एएसआई नारायण सिंह ने बताया कि जलजोग के निकट सिंधी कॉलोनी की रहने वाली 62 साल की डॉ. हंसा जोशी पुत्री आरवी जोशी और उनकी भाभी सिंधी कॉलोनी निवासी 57 साल की डॉ. शैलजा पत्नी जितेंद्र जोशी दिन में बाहर गई थी। वापिस घर की तरफ लौट रही थी तब सिंधी कॉलोनी आईसीआईसीआई बैंक के पीछे गली में एक एसयूवी के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए दोनों को कुचल दिया। एएसआई नारायण सिंह ने बताया कि हादसे में ननद हंसा जोशी की मौत हो गई जबकि उसकी भाभी शैलजा गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें उपचार के लिए एमडीएम अस्पताल ले जाया गया। मृतक ननद और घायल भाभी शैलजा दोनों ही कॉलेज लेक्चरर है।

एएसआई नारायणसिंह ने बताया कि एसयूवी के चालक मूलतः सरदारपुरा हाल अहमदाबाद निवासी अमन पुत्र भरत सिंधी को हिरासत में लिया गया है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एसयूवी का चालक कार सीख रहा था और गली में वह कार को लेकर निकला था। फिलहाल पुलिस उसकी दस्तावेजों की जांच में जुटी है।

## मृतक छात्र के पिता ने सही जांच की मांग की

**कोटा, (निसं)।** बिहार के भागलपुर के कोचिंग छात्र के सुसाईड का मामला सामने आया था। इस मामले में शनिवार को उसके परिजन कोटा पहुंचे और छात्र के शव का पोस्टमार्टम करवाया। पिता प्रदीप कुमार मंडल का कहना है कि उनका बेटा सुसाईड नहीं कर सकता है। वह कमजोर नहीं था। साथ ही पढ़ाई में भी काफी अच्छा था और ऐसा भी कभी नहीं लगा कि वह सुसाईड कर सकता है। पिता ने आशंका भी जताई है कि उसका मोबाइल पूरी तरह से फॉर्मेट था। ऐसे में पुलिस से पूरी तरह इस मामले की जांच करने के लिए कहा है। विज्ञान नगर थाना अधिकारी सतीश चंद्र चौधरी ने कहा कि शव का पीएम करवा परिजनों को सौंप दिया है।

# भाजपा में कोई गुटबाजी नहीं, एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे : डिप्टी सी.एम. बैरवा

**अजमेर, (कासं)।** भाजपा की लोकसभा कोर और प्रबंध समिति बैठक शनिवार को अजमेर के भूणाबाय स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में भाग लेने के लिए डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा अजमेर पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों की बैठक ली।

इस अवसर पर डिप्टी सीएम बैरवा ने कहा कि भाजपा में कोई गुटबाजी नहीं है। भाजपा में बूथ से लेकर उच्च लेवल तक कार्यकर्ता व नेता अपने-अपने दायित्व का निर्वाहन करते हैं, सभी एकजुट होकर चुनाव लडेंगे और फिर से ऐतिहासिक जीत होगी। शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर अजमेर पहुंचे डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में भाग लेने के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जिसमें सबको समाहित कर साथ मिलकर कार्य करते है। पार्टी की रीति-नीति अच्छी है और भाजपा की सोच को देखते हुए आस्था होने के कारण कांग्रेसी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। राहुल कस्वा के विरोध के सवाल पर बैरवा ने कहा कि कोई विरोध नहीं है। यह पार्टी का आपसी मामला है।


बैठक से पहले दीप प्रज्वलित करते उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा।

- **अजमेर में भाजपा की लोकसभा कोर और प्रबंध समिति बैठक आयोजित**
- **'भाजपा की सोच को देखते हुए आस्था होने के कारण कांग्रेसी पार्टी में शामिल हो रहे हैं'**
- **राहुल कस्वा के विरोध के सवाल पर डिप्टी सीएम बैरवा ने कहा कि कोई विरोध नहीं है**

बैठक के दौरान राजस्थान भाजपा सह प्रभारी विजया रहाटकर, सांसद भागीरथ चौधरी, जिलाध्यक्ष रमेश सोनी, देवीशंकर भूतड़ा, ओमप्रकार भड़ाणा आदि भाजपा नेता मौजूद रहे।

## बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** डूंगरपुर के खेरवाड़ा थाना क्षेत्र में खेरवाड़ा-गोदावरी रोड पर पटेल छात्रावास के पास तेज रफ्तार बाइक ने पैदल जा रहे एक युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खेरवाड़ा थाना पुलिस के अनुसार पोगरा निवासी अमृतलाल ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि वह और उसका भतीजा कांतिलाल खेरवाड़ा-गोदावरी मार्ग पर पैदल घर जा रहा था। इस दौरान पटेल छात्रावास के पास तेज रफ्तार बाइक ने भतीजे कांतिलाल को टक्कर मार दी। हादसे में कांतिलाल के हाथ, पैर और सिर पर गंभीर चोटें आई। जिसे लेकर परिजन खेरवाड़ा अस्पताल पहुंचे, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे डूंगरपुर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। डूंगरपुर जिला अस्पताल में डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंची। जहां पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**
**रेलवे भर्ती बोर्ड**
केंद्रीयकृत रोजगार सूचना (सीईएन) सं. 02/2024
तकनीशियनों की भर्ती
सांकेतिक सूचना
तकनीशियन ग्रेड 1 सिग्नल तथा तकनीशियन ग्रेड 3 की विभिन्न श्रेणियों के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित हैं। आवेदन अनिवार्य रूप से केवल ऑनलाइन माध्यम से ही जमा कराए जाएं।
महत्वपूर्ण तिथियां
आवेदन खुलने की तिथि : 09 मार्च 2024
आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि : 08 अप्रैल 2024 (23:59 बजे)

| पद का नाम | 7वें सीपीसी के अनुसार पे लेवल | प्रारंभिक वेतन (रु.) | चिकित्सा मानक | 01.07.2024 को आयु | रिक्त पद (सभी आरआरबी) | कुल रिक्तियां (सभी आरआरबी) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तकनीशियन ग्रेड 1 सिग्नल | 5 | 29,200/- | बी-1 | 18-36 वर्ष | 1092 | 9144 |
| तकनीशियन ग्रेड 3 | 2 | 19,900/- | तकनीशियन के विभिन्न पदों पर लागू चिकित्सा मानकों के लिए विस्तृत केंद्रीय रोजगार सूचना देखें | 18-33 वर्ष | 8052 | |

ध्यान दें: प्रत्येक पे लेवल के लिए अनिवार्य रूप से अलग से शुल्क का भुगतान कर पृथक आवेदन किया जाए।
अधिक विवरण के लिए कृपया निम्न सूचित सभी भागीदार आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर 09.03.2024 को प्रकाशित विस्तृत केंद्रीकृत रोजगार सूचना (सीईएन) सं. 02/2024 देखें।
सीईएन सं. 02/2024 में भाग लेने वाले आरआरबी की वेबसाइट

| | | | |
|---|---|---|---|
| अहमदाबाद www.rrbahmedabad.gov.in | अजमेर www.rrbajmer.gov.in | बेंगलुरू www.rrbbnc.gov.in | भोपाल www.rrbbhopal.gov.in |
| भुवनेश्वर www.rrbbbs.gov.in | बिलासपुर www.rrbbilaspur.gov.in | चंडीगढ www.rrbcdg.gov.in | चेन्नई www.rrbchennai.gov.in |
| गुवाहाटी www.rrbguwahati.gov.in | जम्मू-श्रीनगर www.rrbjammu.nic.in | कोलकाता www.rrbkolkata.gov.in | माल्दा www.rrbmalda.gov.in |
| मुंबई www.rrbmumbai.gov.in | मुजफ्फरपुर www.rrbmuzaffarpur.gov.in | पटना www.rrbpatna.gov.in | प्रयागराज www.rrbald.gov.in |
| रांची www.rrbranchi.gov.in | सिकंदराबाद www.rrbsecunderabad.gov.in | सिलीगुड़ी www.rrbsiliguri.gov.in | तिरुवनंतपुरम www.rrbthiruvananthapuram.gov.in |
| गोरखपुर www.rrbgkp.gov.in | ***** | ***** | ***** |

यह सूचना पूरी तरह से सांकेतिक है। आवेदकों को सलाह दी जाती हैं कि अधिक विवरण के लिए वे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले विस्तृत सीईएन सं. 02/2024 को अच्छी तरह से पढ़ लें। उपरोक्त भर्ती के संबंध में कोई शुद्धिपत्र/ संवर्धन/ महत्वपूर्ण सूचना आरआरबी की केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही समय-समय पर जारी की जाएंगी।
सं. आरआरबी/अज/एडीवीटी/02/2024
दिनांक: 10-03-2024
अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड
''दलालों, बिचौलियों और नौकरी का झांसा देने वालों से सावधान रहें''

# जयपुर के सुदर्शनपुरा में बाइस लोग पानी की टंकी पर चढ़े

- देर रात को पुलिस प्रशासन की समझाइश के बाद सभी लोग नीचे उतरे
- नेक्सा एवरग्रीन कंपनी में निवेश के नाम पर 2700 करोड़ की ठगी का मामला

**जयपुर।** राजधानी के अशोक नगर थाना इलाके में स्थित सुदर्शनपुरा में शुक्रवार देर रात को नेक्सा एवरग्रीन कंपनी में निवेश के नाम पर 2700 करोड़ की ठगी के मामले के पीड़ित 22 लोग पानी की टंकी पर चढ़ गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को नीचे उतारने की कोशिश की देर रात पुलिस प्रशासन की समझाइश के बाद सभी लोग नीचे उतर आए।

टंकी पर चढ़े दांतारामगढ़ निवासी पीड़ित बद्री नारायण ने बताया कि आरोपियों ने गुजरात की धोलेरा सिटी में निवेश के नाम पर उनके साथ ठगी की। इन लोगों ने पीएम मोदी की फोटो लगाकर दिखाया कि एक बड़ा प्रोजेक्ट धोलेरा सिटी में चल रहा है। इसमें निवेश करने के लिए इन लोगों ने नेक्सा एवरग्रीन कंपनी बनाई और देशभर में करीब 70 हजार लोगों को कंपनी में जोड़ा और ठगी कर फरार हो गए।


पीड़ित ने बताया कि उसके दो लाख रुपए इन आरोपियों ने निवेश के नाम पर लिए। यह कंपनी 3 साल पहले बाजार में आई। लोगों ने प्रधानमंत्री की फोटो देखकर कंपनी में पैसा निवेश करना शुरू कर दिया। शुरुआत में कंपनी ने ब्याज के रूप में रिटर्न दिया था, लेकिन 10 जनवरी 2023 के बाद से कोई पैसा नहीं मिला। कंपनी के लोग निवेश के रुपए लेकर फरार हो गए।ठगी के आरोपियों सुभाष, रणवीर, उपेंद्र व गोपाल दूधवाल के खिलाफ देशभर में कई एफआईआर दर्ज है। इन आरोपियों में से अधिकांश लोग सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ के रहने वाले हैं, लेकिन आज तक पुलिस इनको नहीं पकड़ पाई है। मामले को लेकर कई बार पुलिस के सीनियर अधिकारियों से मिल चुके हैं, लेकिन सब लोग आश्वासन देकर टाल रहे हैं। इससे परेशान होकर हमें मजबूरन एक बार फिर पानी की टंकी पर चढ़ना पड़ा। पीड़ितों ने बताया कि वह 26 दिसंबर 2023 को ज्योति नगर स्थित पानी की टंकी पर चढ़े थे। उस दौरान पुलिस की टीम हमें पुलिस मुख्यालय लेकर गई, जहां पर दिनेश एमएन ने कहा कि आप की शिकायत पर 15 दिन में एक्शन लिया जाएगा।

इसके बाद हमें 27 दिसंबर को फिर से पुलिस मुख्यालय बुलाया गया। इस दौरान मामले के जांच अधिकारियों के सामने दिनेश एमएन ने कहा था कि 15 दिन में आरोपियों को गिरफ्तार करो, लेकिन दिनेश एमएन के कहने के बाद भी अब तक कोई एक्शन नहीं हुआ है।

एडिशनल डीसीपी साउथ पारस जैन ने बताया कि पानी की टंकी पर चढ़े लोगों को बता दिया गया है कि उनकी एफआईआर में जांच चल रही है। कुछ लोगों को पुलिस ने कुछ समय पहले गिरफ्तार किया है। कुछ लोग फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। इस तरह से पानी की टंकी पर चढ़ने से ये लोग खुद की जान जोखिम में डाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि रात करीब दस बजे तक टंकी पर चढ़ लोगों में से पांच नीचे उतर आए। इसके बाद देर रात बाकी लोग भी समझाईश के बाद नीचे आ गये।

गौरतलब है कि नेक्सा एवरग्रीन कंपनी ने गुजरात के धोलेरा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में इन्वेस्टमेंट के नाम पर बड़े-बड़े सपने दिखाए थे। ठगी का ऐसा चक्रव्यूह तैयार किया कि चाय की थड़ी चलाने वालों तक ने बैंक से लोन उठाकर इन्वेस्टमेंट किया। पुलिसकर्मी, सरकारी कर्मचारी, सेना के जवानों से लेकर अफसर तक जाल में फंसते चले गए थे। महज 10 महीने में 70 हजार से ज्यादा लोगों को शिकार बनाया गया और 2700 करोड़ ठग लिए थे।

इस ठगी का एक मास्टरमाइंड सेना से रिटायर्ड है। उसने ठगी के लिए 35 से ज्यादा शहरों में दफ्तर खोल रखे थे। यह कंपनी रियल एस्टेट एक्टिविटी के लिए रजिस्टर्ड कराई गई थी। इसके मालिक सीकर के पनलावा निवासी सुभाष बिजारणियां और रणवीर बिजारणियां हैं। कंपनी में इन्वेस्टमेंट प्लान 50 हजार रुपए से शुरू होता था, जिसे 60 महीने के लिए जमा करवाने पर हर हफ्ते उसके ब्याज के रूप में 1352 रुपए रिटर्न मिलता था।



सुदर्शनपुरा में नेक्सा एवरग्रीन कंपनी में निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी के मामले के पीड़ित 22 लोग पानी की टंकी पर चढ़ गए।

# चिकित्सा मंत्री ने कोटा करंट हादसे में झुलसे बच्चों से मुलाकात की

- मंत्री ने चिकित्सकों को बच्चों के बेहतर उपचार के निर्देश दिए

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर शनिवार को सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती बिजली का करंट लगने से गंभीर रूप से झुलसे कोटा जिले के बच्चों से मिले और उनकी कुशलक्षेम पूछी। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी ली और उन्हें बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

चिकित्सा मंत्री सर्जिकल आईसीयू में भर्ती अत्याधिक गंभीर बच्चे से मिले। इसके बाद बर्न सेमी आईसीयू में भर्ती अन्य चार बच्चों से मिले और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन डॉ. प्रदीप गुप्ता एवं डॉ. राकेश जैन को निर्देश दिए कि बच्चों के उपचार में किसी तरह की कमी नहीं रहे। बच्चों के इलाज और स्वास्थ्य पर लगातार निगरानी बनाए रखें। चिकित्सा मंत्री ने इस दौरान बच्चों के अभिभावकों से मिलकर विश्वास दिलाया कि एसएमएस अस्पताल में बच्चों को वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञों के माध्यम से बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। बच्चों के इलाज में किसी तरह की कमी नहीं रहेगी। यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारी प्राथमिकता है कि बच्चों को अच्छा इलाज मिले और वे जल्द से जल्द स्वस्थ हों। उन्होंने ईश्वर से बच्चों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना भी की। उल्लेखनीय है कि कोटा जिले के सकतपुरा में शुक्रवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव बारात के जुलूस में बच्चे भक्तिभाव के साथ चल रहे थे। एक बच्चे के हाथ में लोहे के पाइप में लगा हुआ झण्डा बिजली के तारों को छू गया और इससे साथ में चल रहे अन्य बच्चे भी करंट से झुलस गए। इनमें से गंभीर पांच बच्चों को यहां सवाई मानसिंह अस्पताल भेजा गया है। इससे पहले चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने भी अस्पताल पहुंचकर बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और चिकित्सकों को बेहतर उपचार के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा, अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद थे।

# 'विकास में मानवीय मूल्यों की उपेक्षा नहीं हों'

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि अंधाधुंध विकास में मानव मूल्यों की उपेक्षा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विकसित भारत के अंतर्गत सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी संपन्नता के लिए कार्य करने का आ ान किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से संपन्न राज्य है। विकसित भारत की संकल्पना के अंतर्गत यहां की विपुल सांस्कृतिक संपदा, मानव संसाधन और विरासत को सहेजते हुए राष्ट्र विकास में सभी को अपनी प्रभावी भूमिका निभानी चाहिए।

मिश्र शनिवार को राजस्थान थिंकर्स फोरम द्वारा आयोजित राइजिंग राजस्थान : द सोसियो-कल्चरल फ्लैगशिप आफ अमृतकाल-भारतवर्ष 2047 विषयक कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भी हमारे यहां बहुत से स्तरों पर संयुक्त परिवार व्यवस्था है। सर्वधर्म सद्भाव और संत-महात्माओं के आदर्श हमारे प्रेरणा के स्त्रोत हैं। समाज उन सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ा है, जिसमें प्रगति के साथ जीवन दृष्टि के उदात्त मूल्य समाए हुए हैं। इन्हें बचाए रखते हुए हम कैसे भारत को विश्व भर में आर्थिक, वैज्ञानिक और राजनीतिक दृष्टि से अग्रणी करें, इस पर अब हमें आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

इससे पहले इण्डिया फाउंडेशन के अध्यक्ष राम माधव ने विकसित भारत के लिए ज्ञान, विज्ञान, अनुसंधान, उद्यमिता, जल व पर्यावरण संरक्षण के साथ देश की आवश्यकताओं के अनुरूप प्राथमिकताओं का निर्धारण कर आगे बढ़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना भौतिक विकास से ही नहीं जुड़ी है बल्कि इसके अंतर्गत सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विचार के लिए भी कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने विकसित भारत के तहत किए जाने वाले कार्यो को साझा करते हुए राष्ट्र के उत्थान के लिए सभी को सक्रिय रहकर भूमिका निभाने पर जोर दिया।

# इंसोलेशन एनर्जी लिमिटेड ने लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ टी-20 में साझेदारी की

**जयपुर, (का.सं.)।** इंसोलेशन एनर्जी लिमिटेड (आईएनए सोलर) ने घोषणा की है कि उनकी कंपनी टी-20 सीजन 2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम की साथ ऑफिशियल सोलर पार्टनर के रूप में जुड़ी है। सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए यह एक रणनीतिक साझेदारी आगामी वर्ष में बहुत कारगर साबित होगी । आईएनए सोलर और लखनऊ सुपर जायंट्स टी-20 पार्टनरशिप का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा लखनऊ में किया गया।

इसी अवसर पर के आईएनए सोलर चेयरमैन मनीष गुप्ता ने बताया कि "लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ टी-20 साझेदारी हमारे प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2070 तक देश में नेट जीरो उत्सर्जन को प्राप्त करने में एक कारगर कदम साबित होगा। अक्षय ऊर्जा के उपयोग को अधिक से अधिक बढ़ावा देकर प्रदुषण को कम करने में यह एक उपयोगी कदम साबित होगा।"

आईएनए सोलर पैनल राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मानकों , एंड द्वारा मान्यता प्राप्त हैं और कंपनी देश की लगभग सभी सौर परियोजनाओं जैसे की जल जीवन मिशन, कुसुम, घरेलु रुफ टॉप, बीएसएनएल इत्यादि में अपनी भागीदारी निभा कर मेक इन इंडिया मिशन को प्रमोट कर रही है।

कंपनी के प्रबंध निदेशक विकास जैन ने बताया की सौर ऊर्जा के प्रचार एवं प्रसार को छोटे से छोटे शहरों एवं गाँवो तक पहुचाने के इस अभियान में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम के साथ मिलकर आईएनए सोलर पुरे जोश के साथ काम करेगा।



आईएनए सोलर और लखनऊ सुपर जायंट्स टी-20 पार्टनरशिप का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा किया गया।

# 'राजनीति में आमजन की भागीदारी ही लोकतंत्र की परिभाषा'

**जयपुर।** भाजपा जयपुर शहर कार्यालय पर लोकसभा चुनाव 2024 हेतु भाजपा के संकल्प पत्र सुझाव अभियान के तहत एलईडी रथों को जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, जिलाध्यक्ष राघव शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, बलमुकुन्दाचार्य, महापौर सौम्या गुर्जर एवं अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सांसद बोहरा ने कहा कि आज यहां से जयपुर शहर लोकसभा के लिए दो एलईडी रथों को रवाना किया गया है यह रथ जयपुर के सभी विधानसभा क्षेत्रों में जाकर आमजन से सुझाव लेंगे। भाजपा आमजन की पार्टी है, भाजपा अपना संकल्प पत्र आमजन के सुझावों के आधार पर तैयार करेगी। जिस तरह पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हुआ है। उसे देखते हुए इस बार भाजपा का अबकी बार 400 पार का संकल्प पूर्ण होगा और प्रचंड बहुमत से लगातार तीसरी बार देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी।

# वाहन चोर सहित खरीदार और मोबाइल स्नैचर गिरफ्तार

**जयपुर।** खोह नागोरियान थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शातिर वाहन चोर सहित खरीदार को गिरफ्तार कर उनके पास से आठ चोरी की बाइक बरामद की है। वहीं पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने जयपुर शहर की करीब एक दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देना कबूला है। इसके अलावा पुलिस ने एक मोबाइल स्नैचर को भी गिरफ्तार कर उसके पास से नौ महंगे मोबाइल फोन बरामद किए है और साथ ही पूछताछ में दर्जनों मोबाइल स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देना कबूला है। फिलहाल पुलिस पूछताछ करने में जुटी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि खोह नागोरियान थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो शातिर वाहन चोर-खरीददार जितेन्द्र शर्मा निवासी कानोता जयपुर और प्रेमचंद बैरवा निवासी तुंगा जयपुर को गिरफ्तार किया है। उनके पास से आठ चोरी की बाइक बरामद की है। वहीं पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने जयपुर शहर की करीब एक दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देना कबूला है। वहीं एक मोबाइल स्नैचर रामप्रसाद निवासी खोह नागोरियान जयपुर को भी गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से नौ महंगे मोबाइल फोन बरामद किए है और साथ ही पूछताछ में दर्जनों मोबाइल स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देना कबूला है। पुलिस जानकारी के अनुसार शातिर वाहन चोर द्वारा मकानो के बाहर खडे मोटरसाइकिलों को चिन्हित करते है और फिर मौका देखकर मोटरसाईकिल का लॉक तोडकर चो कर ले जाते है। चोरी की गई बाइकों को बस्सी में स्थित मोटरसाइकिल सर्विस के दुकानदार प्रेमचंद बैरवा बेच दी जाती है। वहीं मोबाइल स्नैचर अपनी मोटरसाइकिल से बस स्टैंड व रोड पर खडे राहगीरों से मोबाइल पर बातचीत के दौरान समय मिलते ही छीनकर भाग जाता है तथा कई मोबाईल फोन इकठ्ठे होने पर स्नैचर द्वारा चोरी के मोबाईल फोन को दिल्ली जैसे बड़े शहरों औने-पौने दाम में बेच देता था।

## सार-समाचार

### महिला दिवस पर सिलाई मशीनें वितरित



**जयपुर, (का.सं.)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान एवं महिला सशक्तिकरण फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान द्वारा प्रताप नगर में वंचित, शोषित व जरूरतमंद महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि एआरटी हाउसिंग फाइनेंस कंपनी के जोनल क्रेडिट हेड अनूप आनंद ने किया। साथ ही 13 जरूरतमंद महिलाओं को एआरटी हाउसिंग फाइनेंस कंपनी के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत मोटरयुक्त सिलाई मशीनें वितरित की गई। ट्रस्ट सदस्य एवं मिडिया प्रभारी तथा स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर के प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि महिलाओं व बालिकाओं के सतत विकास के लिए ऐसे कदम उठाये जा रहे है

### तबादलों पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने करौली जिले की विभिन्न पंचायत समितियों में संविदा सेवा पर कार्यरत कनिष्ठ तकनीकी सहायकों का नियम विरुद्ध तबादला करने पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने प्रमुख पंचायती राज सचिव और जिला परिषद करौली के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सहित अन्य से इस संबंध में अपना जवाब पेश करने को कहा है। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश गणेश व अन्य की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

### 3.17 लाख लंबित मामलों का निस्तारण

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से वर्ष 2024 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया गया। राजस्थान हाईकोर्ट सहित प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों में विशेष बेंच गठित कर आपसी सहमति से मुकदमों का निस्तारण किया गया। राजस्थान हाइकोर्ट और अधीनस्थ अदालतों में कुल 499 बेंच का गठन कर कम 24.75 लाख मुकदमों का निस्तारण किया गया। इनमें 3.17 लाख लंबित प्रकरण भी शामिल हैं। इसके अलावा 12 अरब रुपये के अवार्ड भी जारी किए गए। राजस्थान हाईकोर्ट, जयपुर में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस पंकज भंडारी ने लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ किया।

### महिलाओं को सशक्त बनाने पर जोर

**जयपुर, (का.सं.)।** यंग इंडियंस जयपुर चैप्टर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जयपुर में एक नेटवर्किंग और आपसी शिक्षण इंटरेक्शन का आयोजन करके लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। यंग इंडियंस जयपुर चैप्टर के अध्यक्ष गौरव बंसल ने जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उन अविश्वसनीय योगदानों की याद दिलाता है जो महिलाएं हमारे समाज में हर दिन करती हैं।

### शिवामणि ने सूफी तराने पेश किये

**जयपुर, (का.सं.)।** जानी-मानी क्लासिकल, सेमी क्लासिकल और फ़ॉक सिंगर रूना रिज़वी शिवामणि ने शनिवार की शाम जयपुराइट्स के लिए संगीतमय छटा बिखेरी। सृजन द स्पार्क की ओर से महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में लाइव म्यूजिकल ईव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को यादगार बनाते हुए रूना रिज़वी शिवामणि ने अपने पश्चिमी और पॉप संगीत शैली के साथ ही फ्यूज़न संगीत से लोगों को थिरकने पर मजबूर किया।

### शातिर वाहन चोर रॉकी गिरफ्तार

**जयपुर।** मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर रॉकी को गिरफ्तार कर उसके पास से तीन चोरी की बाइक बरामद की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर रोशन प्रसाद उर्फ रॉकी निवासी अपूर जिला छपरा बिहार हाल सोडाला को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से तीन चोरी की बाइक बरामद की है।

### 'स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों को पूरा करें'

**जयपुर।** प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन, स्वायत्त शासन विभाग टी. रविकान्त ने प्रदेश की समस्त नगरीय निकायों को निर्देश दिये हैं कि वे स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत समस्त कार्यों को प्राथमिकता के साथ करें व इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतें अन्यथा संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। टी. रविकान्त ने शनिवार को स्वच्छ भारत मिशन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, लम्बित व प्रगतिरत कार्यो व बन्द पड़े प्लान्ट्स तथा अन्य संबंधित विषयों पर स्वायत्त शासन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होनें ठोस कचरा प्रबंधन हेतु जमीन आवंटन व लीज डीड से संबंधित प्रकरणों को जिलावार सूचीबद्ध करने तथा संबंधित निकाय इन कार्यो को यथाशीघ्र पूरा करें इस हेतु निदेशालय से अधिकारी फील्ड में जाकर मॉनिटरिंग करें।

# नर्सिंग विज्ञान महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव मनाया



**जयपुर।** आर. यू. एच. एस. नर्सिंग विज्ञान महाविद्यालय में शनिवार को प्रथम बार वार्षिक उत्सव 'आरम्भ 2024' का आयोजन प्रतापनगर स्थित ऑडिटोरियम में किया गया।

महाविद्यालय के प्रधानचार्य डॉ. मदन मोहन मीना ने बताया कि कार्यकम का शुभारंभ आरयूएचएस के प्रति-कुलपति डॉ. अमरजीत मेहता डीन परीक्षा डॉ सुधांशु ककड, डॉ. सोनाली डॉ. रेशू गुप्ता ने माँ सरस्वती एवं भगवान गणेश की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाविद्यालय की उप-प्रधानचार्य श्रीमती उमा रानी एवं स्टूडेंट्स वेलफेयर ऑफिसर डॉ. उषा यादव ने बताया कि कार्यक्रम में नर्सिंग छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गए। जिसमें सोलोसोंग, ग्रुप सांग, सिंगल डांस, ग्रुप डांस, फ़ैसन सो आदि कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति दी।

# टोपीदार बंदूक सहित बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत संजय सर्किल थाना इलाके में अवैध हथियार रखने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। जिसके पास से पुलिस ने एक देसी टोपीदार एक नाली बन्दूक बरामद की है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि चलाये जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत संजय सर्किल थाना इलाके में अवैध हथियार रखने वाले बदमाश गोविन्द सिंह (25) निवासी बरौनी जिला टोंक को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से पुलिस ने एक देसी टोपीदार एक नाली बंदूक जब्त की है।

# युवक का सिर फोड़ हत्या की, लाश सड़क किनारे फेंकी

**जयपुर।** शिवदासपुरा इलाके में प्रहलादपुरा रीको एरिया महल रोड के पास एक युवक का सिर फोड़कर हत्या कर लाश फेंकने का मामला सामने आया है।

पुलिस जानकारी में सामने आया है कि हत्यारों ने युवक को मारने के बाद शव को कंबल से ढक सड़क किनारे डाल कर फरार हो गए। थे। बदबू आने पर लोगों को कंबल से ढकी लाश होने का पता चलने पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। मृतक युवक की पहचान होने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर हत्यारों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने बताया कि इलाके में स्थित प्रहलादपुरा रीको एरिया महल रोड के पास कंबल से ढकी एक युवक की लाश मिलने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मौका-मुआयना कर शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मोर्चरी में भिजवाया। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान कमल (35) निवासी नयापुरा कोटा के रूप में हुई है जो मानसरोवर स्थित एक होटल में सफाई का काम करता था। पुलिस की प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया कि उसके सिर पर भारी हथियार से वार कर हत्या की गई है। साथ ही हाथ-पैर के साथ शरीर पर कई जगहों पर चोट के निशान मिले हैं। जिसे अन्य दूसरी जगह मारने के बाद हत्यारों ने किसी वाहन में लाश को यहां फेंक फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है और साथ ही मृतक के परिजनों से भी जानकारी की जा रही है।

# दो ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** हरमाड़ा थाना पुलिस ने 8 वर्षीय बालिका के साथ हत्या के प्रयास में फरार चले रहे दो शातिर इनामी बदमाशों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। दोनो आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि हरमाड़ा इलाके में 8 वर्षीय बालिका पर सुभाष उर्फ विकास (19 ) निवासी डेयरा की ढाणी बृसिंहवास नीमकाथाना हाल नंदगांव बंजारा बस्ती उदयपुरिया, हरमाडा निवासी और उसका साथी सुरेश (20) नंदगावं बंजारा बस्ती उदयपुरिया, हरमाडा ने मिलकर जान लेवा हमला किया। उसे गंभीर रूप से घायल कर फरार हो गए। जिसके बाद पुलिस ने दोनो आरोपियों पर 6 -6 हजार रुपए का इनाम घोषित किया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हरियाणा के नारनोल इलाके में दोनो आरोपियों को दबोच लिया।

# बाइक सवार युवक को कुचला

**जयपुर।** शिप्रा पथ थाना इलाके में एक ओवर स्पीड वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर सड़क दुर्घटना थाना दक्षिण मौके पर पहुंची और जयपुरिया हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने हिट एंड रन मामला दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

सड़क दुर्घटना थाना (दक्षिण) एएसआई राजेन्द्र सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में मनमोहन सिंह (34) पुत्र हीरा सिंह निवासी प्रतापनगर की मौत हो गई। जो अपने रिश्तेदार से मिलने बगरू गया था और रिश्तेदार से मिलकर बाइक से घर लौट रहा था। इस दौरान वीटी रोड चौराहे के पास अज्ञात ओवर स्पीड वाहन बाइक को टक्कर मारकर फरार हो गया। बाइक सहित रोड पर गिरने से मनमोहन का सिर फट गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर हालत में मनमोहन को साकेत हॉस्पिटल पहुंचाया। डॉक्टर्स ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# दुर्लभ खनिज आरईई और पोटाश के तीन ब्लॉकों के लाइसेंस के लिए नीलामी शुरू

- केवल पांच दिन में राजस्थान ने पूरी की ईएल ऑक्शन की आवश्यक औपचारिकताएं

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्य मंत्री भजन लाल शर्मा सरकार ने दुर्लभ महत्वपूर्ण खनिज के 3 ब्लॉकों की एक्सप्लोरेशन लाईसेंस के लिए ई-नीलामी की प्रक्रिया 6 मार्च से आरंभ कर राजस्थान समूचे देश में अग्रणी प्रदेश बन गया है। सबसे खास बात यह कि 21 जनवरी को केन्द्र सरकार ने नियमों में संशोधन कर 22 जनवरी से भोपाल में आयोजित राज्यों के खान मंत्रियों के सम्मेलन में 23 जनवरी को 20 खनिजों के ईएल ऑक्शन तैयारी के लिए राज्यों को ब्लॉक उपलब्ध कराएं और इसी माह की एक मार्च, 24 को केन्द्र सरकार द्वारा राज्यों को मॉडल निविदा डॉक्यूमेंट भेजा गया। खान सचिव आनन्दी ने बताया कि मुख्य मंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशन में राजस्थान के माइंस विभाग ने केवल पांच दिन में आवश्यक तैयारी कर रेयर अर्थ एलिमेंट के दो और पोटाश के एक ब्लॉक के एक्सप्लोरेशन लाइसेंस के लिए 6 मार्च को भारत सरकार के पोर्टल पर निविदा डॉक्यूमेंट जारी कर दिया। राजस्थान के साथ ही कर्नाटक ने भी एक ब्लॉक की ईएल ऑक्शन प्रक्रिया आरंभ की है। इससे पहले राजस्थान ने सोने की खान के एमएल व सीएल के लिए नीलामी आरंभ की है। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार ने एमएमडीआर एक्ट में 17 अगस्त 23 को संशोधन कर महत्वपूर्ण व अधिक गहराई वाले 29 खनिजों के लिए नई ईएल नीति बनाई।

खान सचिव आनन्दी ने बताया कि खनिज रेयर अर्थ एलीमेंन्ट के बाड़मेर व जोधपुर जिले के चाबा-नवातल्ला-पटौदी में 574 वर्ग किमी क्षेत्र में संकेत है वहीं जयपुर, नागौर व सीकर के रेनवाल-रायथल-कालाडेरा के 789.40 वर्ग किमी क्षेत्र में संकेत उपलब्ध है। हनुमानगढ, श्रीगंगानगर, चूरू एवं बीकानेर में सरासर-पल्लू-धान्धूसर-हरदासवाली पोटाश के संकेत है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा तीनों ब्लॉकों के एक्सप्लोरेशन लाइसेंस के लिए 6 मार्च को भारत सरकार के पोर्टल पर निविदा डॉक्यूमेंट अपलोड कर दिया है। इच्छुक व्यक्ति भारत सरकार के एमएसटीसी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराकर 21 मार्च तक टेण्डर डॉक्यूमेंट खरीद सकते हैं। बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 12 अप्रेल है और चाबार-नवातल्ला-पटौदी ब्लॉक के ईएल के लिए 29 अप्रेल, रेनवाल-रायथल-कालाडेरा ब्लॉक के ईएल के लिए 30 अप्रेल और पोटाश के सरासर-पल्लू-धान्धूसर-हरदासवाली ब्लॉक के लिए एक मई को बोली लगाई जा सकेगी। केन्द्र सरकार के नए प्रावधानों के अनुसार इन ब्लॉकों के ईएल के लिए रिवर्स आधार पर होगी।

# धोखाधड़ी करने वाली गैंग पकड़ी

**जयपुर।** राजधानी की करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिलाओं की एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर धोखाधडी करने वाली गैंग का खुलासा किया है और गैंग के तीन आरोपितों को धर-दबोचा है। साथ ही पुलिस ने उनके पास से नौ मोबाइल हैंडसेट बरामद किया है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। यह कार्रवाई जयपुर पश्चिम और कोटा शहर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि करधनी थाना पुलिस और कोटा शहर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए महिलाओं की एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर धोखाधडी करने वाली गैंग के शातिर आरोपित सतीश गुर्जर(21) निवासी नरैना जयपुर ग्रामीण,धर्मराज बलाई (23) निवासी नरैना जयपुर ग्रामीण और सुरेश गुर्जर (23) निवासी परबतसर जिला डीडवाना-कुचामन को गिरफ्तार कर उनके पास से एस्कॉर्ट सर्विसेज के नाम पर धोखाधड़ी करने के उपयोग में लिए जा रहे नौ मोबाइल हैंडसेट बरामद किए गए है।

# बड़ा हिस्सा हड़प रहे हैं व्हाइट कॉलर क्रिमिनल : हाईकोर्ट

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एक हजार करोड़ रुपए से अधिक की इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लेने से जुड़े मामले में कहा है कि देश प्रगति कर रहा है, लेकिन बडा हिस्सा व्हाइट कॉलर क्रिमिनल की जेब में जा रहा है। जिसके चलते देश को करोडों रुपए का नुकसान हो रहा है। इसके साथ ही अदालत ने प्रकरण में आरोपी आशुतोष गर्ग की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस अनूप कुमार ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश दिए। अदालत ने ट्रायल कोर्ट को कहा है कि वह प्रकरण की जल्दी सुनवाई करे। वहीं अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि प्रकरण में की गई टिप्पणियां सिर्फ जमानत याचिका तक ही सीमित हैं। ट्रायल कोर्ट इससे प्रभावित हुए बिना प्रकरण पर सुनवाई करे।




## International Day Of Awesomeness


International Day Of Awesomeness is a day that we can definitely get behind! It is a celebration of everything that is awesome, including yourself! After all, people are awesome every single day, yet they don't recognize it. On this day, awesomeness in all forms should be appreciated. "'No one's perfect, but everyone can be awesome." - This is the tagline for the day, which has replaced the old tagline: "Because everyone needs an excuse to be awesome." The first tagline was created by Dan Lurie. The second tagline was created by the daughter of Kevin Lawver, who invented the day.

#WORKOUT

# Boost Your Leg Strength & Balance

You should strive to have relatively equal strength in both legs and equal joint mobility in both of your hips, knees, and ankles.





The fastest way to improve your lower-body strength and balance is by adding *single-leg exercises* into your routine. If you've been solely relying on double-leg exercises, such as traditional squats or calf raises, you may be favouring your dominant side without realizing it. Incorporating single-leg exercises can help you identify and address any muscle imbalances.

### Benefits of single-leg exercises

*Single-leg* (unilateral) exercises are those exercises that require you to stand on 'one leg.' Traditional double-leg exercises should have a place in your exercise routine, but there are some unique benefits of single-leg exercises. If you notice that you're favouring one leg more than the other, during a double-leg exercise, such as squats or deadlifts, you'll want to incorporate *single-leg exercises* into your workouts. Here are some major benefits of single-leg exercises.

### They prevent muscle imbalances

When only performing double-leg exercises, it's common to create strength imbalances in one leg versus the other. Single-leg exercises are effective for improving 'strength differences and imbalances' in one leg versus the other. Performing single-leg exercises forces your dominant leg to work just as hard as your non-dominant leg. You may not even realize how much your dominant side takes over until you try these exercises.

### They ward off injuries

Single-leg exercises stave off injuries by preventing muscle imbalances that can lead to overtraining or repetitive injuries on the dominant side. Having equal muscle strength on both sides also ensures that your body moves in a coordinated way, which can also prevent injuries.

### They improve balance

Standing on one leg forces your stabilizing muscles, including your core and glutes, to activate. The more you work on single-leg exercises, the stronger these stabilizing muscles become. This helps improve your balance and stability, which can help prevent injuries and falls.

### They strengthen your core


When standing on one leg, your core muscles must work hard to keep you 'stable and secure.' Even though, these exercises mostly strengthen your legs, they are also working your abdominals at the same time.

### They're great for post-injury rehab

Single-leg exercises are ideal for strengthening and regaining mobility in your leg after an injury. They're important to ensure that muscle imbalances don't develop. They also help prevent and reverse *muscle atrophy* that may have occurred, especially if your lower extremity was immobilized in a cast for some time. You may be surprised to learn that standing on one leg also helps to strengthen the opposite leg, in a phenomenon called *cross-education of the muscles*. For example, doing a single-leg calf raise, on your right side, helps strengthen your left calf. Researchers say that it has to do with the neural pathways being connected to both sides of the body.

### They help improve sports performance


Many sports require you to be able to quickly shift your weight from one leg to the other, with speed, balance, and agility. Some sports also require you to push off or jump on one leg. Single-leg strengthening helps to improve the transfer of power from one leg to the other, quickly change directions, and also improves unilateral jump strength.



# The 'Smell' Of Good Food



**सांभरझील, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर (जिला एवं सत्र न्यायाधीश) अजित कुमार हिंगर के निर्देशानुसार इस साल की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को न्यायालय परिसर, सांभर में अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश, क्र.स.2, नीरज भामू की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें दोनों बैंचों का गठन किया गया। इसमें लगभग 21 वित्तिय संस्थाओं के 1311 प्री लिटिगेशन प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई करते हुए 55 प्रार्थना पत्रों पर सुलहवार्ता कर वादी व प्रतिवादी के बीच सुलह करवाई। जिसमें वितिय संस्था बैंक, विधुत विभाग व अन्य वितिय संस्थाओं के काफी पुराने प्रकरण थे जिसमें प्रत्यर्थी की ओर से काफी समय से एन.पी.ए. (नॉन प्रफोर्मिंग एसेट्स) चल रहे प्रार्थी के खाते को राशि जमा करवाकर प्री लिटिगेशन प्रार्थना पत्र निस्तारित करवाया। तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 281 प्रकरणों का आपसी राजीनामा के जरिए निस्तारण करवाया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर वाहन दुर्घटना अधिकरण के 31 प्रकरणों में राजीनामा से फैसला दिया गया। इस मौके पर मोटर वाहन दुर्घटना अधिकरण के मामलों में अदालत की ओर से 1,47,81,000/- रुपये का अवार्ड पारित किया गया। इसके अलावा 55 प्री लिटिगेशन के मामलों में 1,21,25,706/- तथा दोनों मिलाकर 2,69,06,706/- अक्षरे दो करोड उनहत्तर लाख छ हजार सात सौ रुपए का निस्तारण करवाया गया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेश शर्मा, उपाध्यक्ष दिव्यराज वीर गुर्जर, सचिव रतन लाल चौधरी, कोषाध्यक्ष मोहनलाल वर्मा, सह सचिव सुरेश चन्द्र बरड़, बैंकों एवं वितिय संस्थाओं से श्रीराम फाईनेन्स लिमिटेड जोबनेर से अभिषेक तिवारी, बैंक आफ बडोदा शाखा जोबनेर से रवि प्रकाश नागा, काचरोदा ब्रांच से धर्म सिंह मीणा, बघाल ब्रांच से अंकूर सिंह, राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक शाखा नरायणा से कमलेश वर्मा, ब्रांच सांभर लेक से ओमप्रकाश खटीक, हिंगोनिया ब्रांच से सुधीर, बाघावास ब्रांच से आशिष जैन, रेनवाल ब्रांच से सागर जैन, जोबनेर ब्रांच से सत्य सिंह आदि उपस्थित रहे।

### विकास कार्य कराने की मांग उठी

**फुलेरा, (निसं)।** रावणा राजपूत समाज द्वारा एक साथ फिर से मेजर दलपत सिंह सर्किल का विकास कार्य करवाने के लिए समाज की एक साथ मांग उठाई गई है। इसको लेकर डीएलबी निदेशक सुरेश कुमार ओला व उपनिदेशक श्याम सिंह को एक ज्ञापन सौंपा गया। उक्त ज्ञापन पर डीएलबी अधिकारियों ने समाज के प्रतिनिधि मंडल को जल्द ही समाधान करवाने का आश्वाशन दिया।


**NAME CHANGE**

I Budhprakash Jangir S/o Banwari Lal Jangir R/o Jangir Work Shoap, Devaji Ki Pyau Ke Samne, Ward No.-42, Sikar, Sikar, Rajasthan - 332001, have changed my name to Rakshit Jangir

I Sikandar Desai S/o Ram Niwas Desai R/o 5 B- 23, Chandrshekhar Azad Nagar, Bhilwara, Bhilwara, Rajasthan- 311001, have finally changed my name to Sumit Kumar Desai

I Pinki Devi legally wedded spouse of army no 289433H hav late data ram S/O Tula ram that have changed my daughter name from SIMARAN (DOB 2nov 2004) To SIMRAN KUMARI vide affidavit dated 7march2024 before district notary Jaipur

I sunita legally wedded spouse of army no 15397315W Ex Hav Tara Chand R/O 193 gali no 1 sirsi road panchaywala district jaipur that have changed my name From SUNITA is wrong entered in service record To SUNITA PRAJAPATI vide affidavit dated 12 feb 2024 before district notary Jaipur

**Name Change**

'I Rojimol N.E D/o Mr. Erani R/o Sophia School campus Mirshali Jaipur Road , Ajmer Rajasthan 305001 changed my name from Rojimol N.E to Sister Rachel Erani in future. Call me "Sister Rachel Erani "for all purpose'

**पढ़ने के इच्छुक गरीब छात्रों के लिए मुफ्त शिक्षा**

Aim for seva पिछले 15 वर्षों से जयपुर एवं Udaipur में, पढ़ने के इच्छुक गरीब छात्रों के लिए मुफ्त रहने, खाने, पढ़ने की सुविधा है नये शिक्षा सत्र में Admission के लिए कृपया नीचे दिए गूगल फार्म लिंक में registration कराये। https://aimforseva.in/

**खोया पाया**

मेरे फ्लैट नं. 901, शेखावाटी हाईट्स प्लॉट नं. 96 माँ हिंगलाज नगर विस्तार, लालरपुरा, गांधीपथ वेस्ट, वैशाली नगर, जयपुर की ओरिजनल रजिस्ट्री कहीं गुम गई है। कृपया मिलने पर सात दिन में सूचित करें। अनिता मिश्रा- 9928308087

मेरा प्लाट संख्या 21 योजना गणपति ग्रीन सीकर रोड जयपुर सोसायटी ओम शिव गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर के द्वारा जारी (ओरिजनल) रसीद रास्ते में कहीं गुम हो गई मिलने पर सूचित करें। महेन्द्र सिंह शेखावत-8559971504

आवास संख्या 31/28/07 मानसरोवर जयपुर का आवंटन पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। लाजवती मो. 9001920414

आवास संख्या 69/199 मानसरोवर जयपुर का आवंटन पत्र व कब्जा पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करे। राजेन्द्र मो. 7737144247

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय सिविल जज पश्चिम जयपुर महानगर कम -II
पुरान वन भवन, वानिकी पथ, सी-स्कीम जयपुर-302005
स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया विरुद्ध राम बाबू गोयल
वादबाबतवसूली वादसं.6सन2004
बनामः-राम बाबू गोयल पुत्र मनमोहन गोयल
स्थानः- मं. नं. 490, हनुमान का रास्ता,त्रिपोलिया बजार,जयपुर
वादी ने आपके विरूद्ध वसूली के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 19 माह 03 सन् 2024 को दिन में 10.30 AM बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नो का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे एब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है, पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा दाखिल/ मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजो को लिखित कथन के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यह आज दिनांक 07 माह 03 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।
सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट (पश्चिम) जयपुर महानगर जयपुर-II

**निष्पादन अधिकारी नियुक्त न्यायालय उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां जयपुर (शहर) जयपुर**
**दी राजलक्ष्मी महिला अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि.**
दीवान चैम्बर नवाब साहब की हवेली, त्रिपोलिया बाज़ार, जयपुर, फ़ोन नं. - 0141-2573236

क्रमांक: RLB / 6588/2023-24 — **नीलामी की सूचना** — दिनांक: 09.03.2024

(राजस्थान सहकारी सोसायटी नियम 2003 के नियम 94 के अन्तर्गत)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित दोषी ऋणी सदस्यों द्वारा डिक्रीधारी दी राजलक्ष्मी महिला अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. की बकाया ऋण राशि नहीं चुकाने के कारण इनकी निम्नांकित सम्पत्ति को कुर्क कर कब्जे में ले ली गई है। उक्त कब्जा शुदा सम्पत्ति "जहां जैसी भी स्थिति में हैं, के आधार पर निम्नांकित दिनांक को प्रातः 11:30 बजे वर्णित नीलामी स्थल पर खुली बोली से नीलाम की जायेगी। अतः इच्छुक व्यक्ति नियमानुसार नीलामी स्थल पर मौके परउपस्थित होकर आवेदन कर बोली लगावे।

| ऋणी सदस्यों का नाम | सम्पति का विवरण | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि | नीलामी दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| मैसर्स सनातन ब्रदर्स प्रो० मीना कुमारी खत्री पत्नी व् सह ऋणी गोपाललाल खत्री निवासी फ्लैट न. HA-304 तृतीय मंजिल प्रताप अपार्टमेंट प्रताप नगर सांगानेर जयपुर | 1. फ्लैट न. HA-304 प्रताप अपार्टमेंट प्रताप नगर सांगानेर जयपुर (3 BHK) 2. फ्लैट न. M-29/F2-28 गोदावरी अपार्टमेंट प्रताप नगर सांगानेर जयपुर (2 BHK) | 50,00,000/- 15,00,000/- | 1,00,000/- 30,000/- | 27.03.2024 |

नीलामी स्थल :- दी राजलक्ष्मी महिला अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. दीवान चैम्बर, नवाब साहब की हवेली, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर। (नीलामी की कार्यवाही से पूर्व नीलामी स्थल बदलने का अधिकार निष्पादन अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।
नीलामी की शर्तें :- नीलामी स्थल अथवा निष्पादन अधिकारी के उपरोक्त वर्णित कार्यालय अथवा डिक्रीधारी बैंक के प्रधान कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में देखी या प्राप्त की जा सकती है।
नोटः- नीलामी में उच्चतम बोली से प्राप्त राशि में से सर्वप्रथम राजस्थान आवासन मंडल के बकाया का भुगतान किया जायेगा शेष राशि बैंक में ऋण खाते में जमा की जायेगी।

निष्पादन अधिकारी, दी राजलक्ष्मी महिला अरबन कॉ-ऑपरेटिव बैंक लि

**Government of Rajasthan**
**Principal, Devnarayan Govt. Girls Residential School, Yusufura Tonk**
Email: yusufpura.rrels@rajasthan.gov.in, Mob. No. 9414348729
क्रमांक-देवराबाआवि-युसुफपुरा टोंक/2023-24/1237 दिनांक- 09.03.2024
**NIT-03/2023-24 (NIB-SOC2324A0288)**
Bids for Chapatti Making Machine (Rs. 6.00 Lacs) are invited from interested bidders up to date 12.03.2024 Time 12.00 P.M., Smart interactive Teaching Board (Rs. 3.00 Lacs) up to date 12.03.2024 Time 12.00 P.M. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state and Social Justice and Empowerment Departmental website.
UBN NO. SOC2324GSRC00318, SOC2324GSRC00317
Principal
Devnarayan Govt. Girls Residential School
Yusufpura Tonk


## स्वस्थ शरीर से मजबूत समाज का निर्माण होता है : उप मुख्यमंत्री

**दूदू, (निसं)।** आयुष विभाग द्वारा जिला मुख्यालय पर आयोजित राज्य स्तरीय आरोग्य मेले का शुभारंभ शनिवार को उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा द्वारा दशहरा मैदान में श्री धन्वंतरी भगवान का पूजन कर किया गया। आरोग्य मेले के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि स्वस्थ शरीर से मजबूत समाज व राष्ट्र का निर्माण होता है। आयुर्वेद एक संपूर्ण जीवन शैली है जिससे व्यक्ति अपने शरीर को स्वस्थ बनाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी निभा सकता है। इस अवसर पर उन्होंने जिला मुख्यालय दूदू पर जिला आयुर्वेद अस्पताल खोलने की घोषणा की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने मेला स्थल पर आयुर्वेदिक औषधि निर्माताओं की ओर से लगाई गई विभिन्न स्टॉल का अवलोकन किया और औषधीयों के बारे में जानकारी प्राप्त की साथ ही उन्होंने मेले में विद्यार्थी द्वारा किए जा रहे योग प्रदर्शन, संचालित क्लीनिक का भी अवलोकन किया।

इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत में आयुर्वेद विभाग के निदेशक डॉ आनंद शर्मा ने राज्य स्तरीय आरोग्य मेले के उद्देश्य, लक्ष्य तथा आमजन को इससे होने वाले लाभ की जानकारी दी और आरोग्य मेले के आयोजन का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही आयुष विभाग की शासन सचिव पूनम ने कहा कि वर्तमान समय में आयुर्वेद जैसी प्राचीन चिकित्सा पद्धितयों ने चिकित्सा के नए अवसर एवं विकल्प प्रदान किए हैं।

कार्यक्रम में आयुष विभाग के उप शासन सचिव श्री सावन कुमार चायल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार, उपखंड अधिकारी योगेश सिंह देवल, मोजमाबाद उपखंड अधिकारी बलबीर सिंह, तहसीलदार दशरथ मीणा, जयपुर जिला प्रमुख रमादेवी चोपडा, दूदू नगर परिषद सभापति कमलेश देवी चौधरी, दूदू पंचायत समिति प्रधान रवि चौधरी, मोजमाबाद पंचायत समिति प्रधान सुश्री उगन्ता सुकरिया, फागी पंचायत समिति प्रधान प्रेमदेवी चौधरी, उप प्रधान कैलाश चौधरी, रामधन अहलावत, रणजीत सिंह, ओम प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे सहित अन्य जन प्रतिनिधि, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं आमजन रहे। अंत में आयुर्वेद विभाग की अतिरिक्त निदेशक मेघना चौधरी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### कक्षा कक्षों का लोकार्पण समारोह

**कोटपूतली, (निसं)।** डाबला रोड स्थित श्रीमती पानादेवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविद्यालय में विकास समिति द्वारा निर्मित कक्षा कक्षों का लोकार्पण समारोह शनिवार को विधायक हंसराज पटेल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक पटेल ने छात्राओं को निरन्तर मेहनत कर आगे बढने का संदेश देते हुए महाविधालय हित में हर सम्भव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। विशिष्ठ अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एड. हीरालाल रावत ने बालिकाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो.आर.पी. गुर्जर ने विधायक पटेल का महाविधालय विकास में किये गये सहयोग के लिए धन्यवाद् ज्ञापित किया। प्राचार्य ने कहा कि उनका प्रयास महाविधालय को अच्छी ग्रेड दिलवाने व छात्राओं के लिए अच्छा शैक्षणिक वातावरण तैयार करने का रहेगा। इस अवसर पर महाविधालय में एनएसएस के द्वितीय एक दिवसीय शिविर का शुभारम्भ भी किया गया। शिविर में स्वयंसेविकाओं द्वारा श्रमदान किया गया। संचालन सहायक प्रो. विमल यादव ने किया। प्रो. भावना चौधरी ने अतिथियों का धन्यवाद् ज्ञापित किया।

## वन एवं पर्यावरण मंत्री ने महिला उद्यमिता शिविर का उद्घाटन किया

**अलवर, (निसं)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) संजय शर्मा ने आज होटल स्वरूप विलास में नाबार्ड व सखी डेयरी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित महिला उद्यमिता शिविर का उद्घाटन किया तथा हस्तशिल्प उत्पादों की लगाई गई प्रदर्शनी में 40 स्टालों का अवलोकन किया। मंत्री शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला शक्ति की देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढावा दिया जाकर महिलाओं को सशक्त करने का कार्य किया जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस प्रदान कर धुआं मुक्त रसोई, पीएम आवास योजना के तहत अपने घर का सपना पूरा करना, स्वनिधि योजना के माध्यम से स्वयं का रोजगार करने में सहूलियत प्रदान करने जैसी अनेक योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि एक महिलाएं परिवार को संभालने के साथ-साथ देश के विकास में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में उन्होंने शिक्षा स्वास्थ्य, कला, सामाजिक सुधार व अन्य उपलब्धियों के लिए 35 महिलाओं को पारितोषिक वितरण कर सम्मानित किया गया साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में भाग लेने वाले महिला उद्यमी एवं संस्थाओं को सहभागी प्रमाण पत्रा प्रदान किया गया। मंत्री ने महिला उद्यमी एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा हस्त निर्मित उत्पादों की लगाई की प्रदर्शनी का अवलोकन कर उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों की सराहना की। उन्होंने सखी डेयरी की एफपीओ के रूप में हुई प्रगति की सराहना भी की। कार्यक्रम में नाबार्ड के जिला सहायक प्रबंधक प्रदीप चौधरी द्वारा नाबार्ड की स्थापना एवं ग्रामीण विकास तथा कृषि विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिला उद्यमिता के लिए नाबार्ड द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सखी कम्पनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार महिला उद्यमी एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का आभार जताया। इस अवसर पर नगर निगम महापौर घनश्याम गुर्जर, जिला परिषद की सीईओ सुश्री प्रतिभा वर्मा, पं. जलेसिंह सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं महिला उद्यमी एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं व बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# 310 करोड़ की ट्रांसमिशन पेयजल योजना का शिलान्यास




जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने मालपुरा में 310 करोड़ की पेयजल योजना का शिलान्यास किया।

■ 539 गांवों के लोगों को बीसलपुर का पेयजल मिलेगा

**मालपुरा, (निसं)।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जल-जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत स्वीकृत 310.41 करोड की सुरजपुरा से सांभर मुख्य ट्रान्समिशन प्रथम पेयजल परियोजना का शनिवार को मालपुरा के केकडी रोड स्थित बीसलपुर परियोजना पंप हाऊस परिसर में जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।

जनसमूह को सम्बोधित करते हुये पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि राजस्थान के गांव-ढाणी में रहने वाले अन्तिम छोर के व्यक्ति तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत मेहता ने डबल इंजन की सरकार में किसान के बेटे को पीएचईडी मंत्री बनाने की बात कहते हुये सबका साथ सबका विकास का नारा दिया। समारोह में अधिक्षण अभियंता रामचन्द्र राड, योगेन्द्र सिंह, सहायक अभियंता रितिका गुप्ता, पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी, भाजपा उधोग प्रकोष्ठ, प्रदेश सहसंयोजक नरेन्द्र कुमार जैन, राधा देवी चौधरी, मंडल अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजकुमार जैन, रामचन्द्र गुर्जर सहित भाजपाईयों ने विधायक चौधरी को प्रदेश की जनता के लिये भागीरथ बता आभार जताया। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता राजसिंह ने बताया कि 310.41 करोड की लागत से 118 किलोमीटर नवीन पेयजल योजना से पांच जिलों को सीधा फायदा मिलेगा। जिसमे मालपुरा, दूदू व सांभर में स्वच्छ जलाशय का निर्माण, दूदू व मालपुरा में पम्प हाऊस निर्माण होगा जिनसे मालपुरा, सांभर, जोबनेर, किशनगढ रेनवाल व फुलेरा जैसे बडे कस्बों सहित 539 गांवों के घरों में 55 लीटर व शहर क्षेत्र में 70 प्रति परिवार शुद्ध पानी मिलेगा। यह योजना 15 जून 2025 तक पूर्ण होगी। पूर्व में डाली गई दूदू बीसलपुर पेयजल लाईन अब क्षेत्र की आबादी बढने के चलते ट्रान्समिशन कर 2053 तक की जनसंख्या के आधार पर डाली जायेगी।

### ढाकपुरी में गहराया पेयजल संकट

**अलवर, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत ढाकपुरी मुख्यालय पर जल जीवन मिशन के तहत एक बोरिंग संचालित थी उससे ग्रामीणों की प्यास बुझ रही थी। जहां देखरेख में संरक्षण के अभाव में ट्यूबवेल की सबमर्सिबल मोटर खराब हो गई है जिसके चलते गांव में पानी के लिए हाहाकार मच रहा है। इस गांव के जगदीश प्रसाद कृपा दयालु बनवारी विश्राम रामचरण ने सरपंच सुनीता यादव को अवगत कराया कि गांव में श्मशान घाट ढाकपुरी में लगी बोरिंग सूख गई है। अभी गांव में नल योजना चालू भी नहीं हुई। उससे पहले बोरिंग का सूख जाना पीएचडी विभाग की लापरवाही दर्शाती है। इस सूचना पर ग्राम पंचायत सरपंच सुनीता राजेश यादव ने लिखित में मालाखेडा जलदाय विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत करवा दिया। इस पंचायत मुख्यालय पर अभी जल जीवन मिशन योजना के तहत राइजिंग लाइन की कमी बनी हुई है तथा घर-घर नल का कनेक्शन भी नहीं है।

डबल इंजन सरकार का संकल्प

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान

नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

**मोदी की गारंटी**
**भजनलाल सरकार कर रही साकार**

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 2047 के विजन एवं 'विकसित भारत-विकसित राजस्थान' के संकल्प की सिद्धि में बड़ा कदम

# राजस्थान में ऊर्जा क्षेत्र में ₹1.60 लाख करोड़ का निवेश

## थर्मल एवं अक्षय ऊर्जा से 31825 MW होगा बिजली उत्पादन

### समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**बिजली उत्पादन के लिए**

**25000 MW** अक्षय ऊर्जा के लिए - राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लि. एवं एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लि.

**3500 MW** अक्षय ऊर्जा के लिए - राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लि. - कोल इंडिया लि. एवं एनएलसी इंडिया

**3325 MW** कोयला आधारित ऊर्जा के लिए - राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लि. - कोल इंडिया लि., एनटीपीसी एवं एनएलसी इंडिया

**प्रसारण तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार के लिए ₹10,000 करोड़**

राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम लि. तथा पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन

**विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए ₹20,000 करोड़**

वित्त विभाग राजस्थान सरकार तथा आरईसी लि.

**बिजली खरीद के लिए**

**600 MW** - राजस्थान ऊर्जा विकास निगम एवं एसजेवीएन लि.

**प्रह्लाद जोशी**
केन्द्रीय संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

**भजनलाल शर्मा**
मुख्यमंत्री

**आर.के. सिंह**
केन्द्रीय ऊर्जा, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

की उपस्थिति में

कार्यक्रम स्थलः मुख्यमंत्री कार्यालय, जयपुर | 10 मार्च, 2024 | दोपहर 12.30 बजे

**इन समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर से**

ऊर्जा उत्पादन में राज्य आत्मनिर्भर बनेगा | 2030 तक की 20,000 MW की बेस लोड डिमांड होगी पूरी तथा 30,000 MW की अधिकतम मांग की पूर्ति होगी

**गरिमामयी उपस्थिति**

**दिया कुमारी**
उप-मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार

**हीरालाल नागर**
ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार

राजस्थान संवाद







ऊर्जा विभाग

# मुख्यमंत्री की मौजूदगी में शेखावत और राठौड़ के बीच सुलह की बातचीत

- शेरगढ़ से भाजपा विधायक बाबू सिंह राठौड़, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के खिलाफ रहे हैं। हाल ही गजेन्द्र सिंह शेखावत के खिलाफ संजीवनी पीड़ितों के धरने प्रदर्शन में वे शामिल हुए थे। भाजपा हाईकमान के निर्देश पर मुख्यमंत्री ने दोनों नेताओं को जयपुर बुलाकर बात की तथा सुलह कराई।



*मु. मंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को भाजपा के दो नेताओं, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत एवं विधायक बाबू सिंह राठौड़ के बीच सुलह करवा दी। मु. मंत्री को जैसे ही ज्ञात हुआ कि, बाबू सिंह राठौड़, गजेन्द्र सिंह शेखावत के खिलाफ संजीवनी कोऑपरेटिव मामले में सार्वजनिक धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने तुरंत फोन करके विधायक के साथ शेखावत की सुलह वार्ता करवाई। इस बातचीत के बाद राठौड़ और शेखावत दोनों ने मीडिया के समक्ष फोटो भी खिंचवाई।*

जयपुर, 9 मार्च (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़ के बीच सुलह कराने की कोशिश की।

शनिवार को जयपुर में मुख्यमंत्री आवास (ओटीएस) पर मुख्यमंत्री की मौजूदगी में शेखावत और राठौड़ की बातचीत हुई। मामले को लेकर भाजपा हाईकमान तक रिपोर्ट गई थी, जिसके बाद यह कदम उठाया गया। मुलाकात के बाद राठौड़ ने कहा कि "यह परिवार का मामला है।" मुख्यमंत्री ने राठौड़ को शेखावत के खिलाफ किसी तरह की बयानबाजी नहीं करने के लिए कहा है।

शेखावत के खिलाफ संजीवनी पीड़ितों के साथ धरना देने और नारेबाजी करने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल ने शेरगढ़ विधायक को जयपुर तलब किया था। राठौड़ शुक्रवार रात धरना खत्म कर जयपुर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री भजनलाल ने पहले राठौड़ से अकेले में बैठकर बातचीत की। इस दौरान उन्हें हाईकमान का मैसेज दिया गया। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में हुई इस बातचीत के बाद किसी तरह का बयान सामने नहीं आया है।

हालांकि मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद शेखावत और राठौड़ ने साथ फोटो खिंचवाए, किन्तु फोटोज़ को सार्वजनिक किया गया है। फोटो में दोनों नेताओं की बॉडी लैंग्वेज देखकर कई तरह की चर्चा है। फिलहाल मुख्यमंत्री ने सुलह का प्रयास जरूर किया है, लेकिन यह सब कुछ बाबू सिंह पर निर्भर करेगा। इस मुलाकात को लेकर राठौड़ ने कहा कि "हमारी अच्छी बात हुई। हम पार्टी में हैं और पार्टी के लिए समर्पित हैं।" उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में हम सब मिलकर पार्टी के लिए काम करेंगे और हम सभी पार्टी से बंधे हैं।"

## बसपा अकेले ही लोकसभा चुनाव लड़ेगी

नई दिल्ली 9 मार्च (वार्ता) बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने आगामी लोकसभा चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन करने की अटकलों को खारिज करते हुए शनिवार को कहा कि बसपा अपने दम पर अकेले चुनाव लड़ेगी। सुश्री मायावती ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा कि बसपा के संबंध में गठबंधन को लेकर गलतफहमी और गलत जानकारियां फैलाई जा रही है।

## मुख्य चुनाव...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

राजीव कुमार को अब अकेले ही अपने बलबूते पर चुनावों की व्यवस्था करनी पड़ेगी क्योंकि दूसरे चुनाव आयुक्त अनूप पांडे 15 फरवरी को सेवानिवृत हो चुके हैं और उनके रिक्त स्थान को भरा नहीं गया है। केन्द्र सरकार ने पांडे के स्थान पर नये चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए, इन नियुक्तियों के लिए बनाए गए नए कानूनों के अनुसार, समिति बनाकर प्रक्रिया शुरु कर दी है लेकिन अरुण गोयल के त्यागपत्र ने सबको चौंका दिया है।

## भाजपा-बीजू...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

तेलगुदेशम पार्टी तथा पवन कल्याण की जनसेना के साथ समझौता हो गया लगता है। वरिष्ठ टी.डी.पी. नेता एवं राज्यसभा सांसद के. रविन्द्र कुमार ने कहा कि, जनसेना, भाजपा और टी.डी.पी. ने सैद्धांतिक रुप से आगामी चुनावों में सहयोग करने का निर्णय लिया है तथा विस्तृत रुप-रेखा पर कार्य चल रहा है।

# लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने राजस्थान कांग्रेस में फिर सेंध मारी

## कटारिया, राजेन्द्र यादव, रिछपाल, विजय पाल मिर्धा, खिलाड़ी बैरवा, आलोक बेनीवाल, रामपाल शर्मा, सुरेश चौधरी रविवार को भाजपा में शामिल होंगे

- इन में से कई नेताओं की विधानसभा चुनावों के दौरान भी भाजपा में शामिल होने की चर्चा थी।
- लाल चन्द कटारिया व राजेन्द्र यादव राजस्थान की गहलोत सरकार के प्रमुख मंत्री थे और अशोक गहलोत के नज़दीकी माने जाते थे।
- रिछपाल मिर्धा उनके पुत्र विजयपाल मिर्धा, पूर्व राज्यपाल कमला बेनीवाल के पुत्र आलोक बेनीवाल तथा उनके समधी सुरेश चौधरी नागौर व जयपुर के प्रमुख जाट नेता हैं।

जयपुर, 9 मार्च (का.सं.)। लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा कांग्रेस में एक बड़ी सेंधमारी करने जा रही है। पूर्व कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, पूर्व गृह राज्य मंत्री राजेंद्र यादव, पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा, विजयपाल मिर्धा, खिलाड़ीलाल बैरवा, आलोक बेनीवाल, के अलावा रामपाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

रविवार को 11 बजे भाजपा मुख्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी की मौजूदगी में कांग्रेसी नेता भाजपा में शामिल होंगे। गहलोत सरकार में कृषि मंत्री और यूपीए सरकार में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री रहे लालचंद कटारिया की विधानसभा चुनावों के दौरान भी भाजपा में जाने की चर्चा थी। कटारिया ने इस बार झोटवाड़ा से विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा था।

कटारिया के साथ उनके दामाद एवं डेगाना से पूर्व विधायक विजयपाल मिर्धा और उनके समधी कांग्रेस के पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा भी भाजपा में शामिल हो रहे हैं। ज्योति मिर्धा के भाजपा में जाने के साथ ही रिछपाल मिर्धा और विजयपाल मिर्धा के भाजपा में जाने के कयास लग रहे थे। विजयपाल मिर्धा को डेगाना से कांग्रेस का टिकट मिला, लेकिन वह हार गए थे। रिछपाल मिर्धा ने हाल ही भाजपा के पक्ष में खुलकर बयान दिए थे।

उन्होंने कहा था कि "भाजपा राजस्थान की सभी 25 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। कांग्रेस में जनाधार वाले नेताओं की कद्र नहीं है।" उधर लालचंद कटारिया विधानसभा चुनावों के वक्त से ही साइलैंट हैं, लेकिन वे भाजपा के केंद्रीय नेताओं के संपर्क में रहे हैं। कटारिया और राजेंद्र यादव कई बार दिल्ली जाकर भाजपा के केंद्रीय नेताओं से मिल चुके हैं। राजेंद्र यादव, गहलोत सरकार में गृह राज्य मंत्री थे। वे लंबे समय तक जयपुर ग्रामीण के कांग्रेस जिलाध्यक्ष भी रहे। विधानसभा चुनावों से पहले राजेंद्र यादव के ठिकानों पर आयकर विभाग ने छापे मारे थे। पोषाहार घोटाले को लेकर भी उनकी कंपनी पर छापेमारी हुई थी।

उस वक्त यादव ने खुलकर कहा था कि उन्होंने कोई गड़बड़ नहीं की और वे नहीं झुकेंगे। आलोक बेनीवाल गुजरात की पूर्व राज्यपाल एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमला बेनीवाल के पुत्र हैं। वह पिछली बार कांग्रेस का टिकट कटने पर बगावत करके शाहपुरा से निर्दलीय चुनाव जीते थे। इसके बाद उन्होंने पूरे पांच साल अशोक गहलोत और उनकी सरकार को समर्थन दिया। इस बार विधानसभा चुनावों में आलोक बेनीवाल का टिकट फिर काट दिया गया तो वह पुन: निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़े, किन्तु हार गए। आलोक बेनीवाल के समधी एवं कांग्रेस सेवादल के पूर्व प्रदेश प्रमुख सुरेश चौधरी भी उनके साथ भाजपा में शामिल होंगे।

गौरतलब है कि विधानसभा चुनावों से लेकर अब तक बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता भाजपा में जा चुके हैं। पूर्व सासंद ज्योति मिर्धा, सवाई सिंह चौधरी, बाड़ी से पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा, पूर्व मेयर ज्योति खंडेलवाल, पीपल्दा से पूर्व कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री राम गोपाल बैरवा, कोटा के कांग्रेस नेता एवं खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष पंकज मेहता, तारानगर से पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे चंदनमल बैद के बेटे चंद्रशेखर बैद और पूर्व विधायक नंदलाल पूनिया भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

## रेलवे ने कबाड़ बेचकर रिकॉर्ड 514 करोड़...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

आ सकती हैं। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधरी ने बताया कि रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 514.06 करोड़ रुपये कबाड़ से कमाए हैं। सालाना बिक्री का लक्ष्य 500 करोड़ रुपये ही था। इस प्रकार कबाड़ बेचकर की गई कमाई में उत्तर रेलवे पहले स्थान पर है। रेलवे के जानकार बताते हैं कि उत्तर रेलवे ने कबाड़ बेचकर जितनी कमाई की है, उसमें करीब पांच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन बनाई जा सकती हैं। एक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की लागत करीब 107 करोड़ रुपये आती है।

रेलवे के अनुसार, कबाड़ से राजस्व तो मिलता ही है। साथ ही स्टेशन परिसर भी साफ-सुथरा होता है। इस कबाड़ में रेल पटरियों के टुकड़े, स्लीपर, टाई बार को इकट्ठा कर बेचा जाता है। इसके अलावा स्टाफ क्वार्टरों, केबिन, शैडो, वाटर टैंकों से निकला कबाड़ भी शामिल हैं। इससे शरारती तत्वों द्वारा पुराने ढांचों के दुरुपयोग की संभावना भी समाप्त होती है। साथ ही, उत्तर रेलवे बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए स्क्रैप पीएसी स्लीपरों का निपटान भी कर रहा है, ताकि राजस्व अर्जित करने के साथ-साथ बहुमूल्य भूमि को रेल गतिविधियों के लिए खाली रखा जा सके।

## अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

शनिवार को बताया कि हाल ही में पार्टी के तीन विधायकों के सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में चले जाने के कुछ दिनों बाद श्री तुकी ने भी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) को अपना इस्तीफा भेज दिया।

एपीसीसी महासचिव ग्यामर ताना ने कहा, पूर्व मुख्यमंत्री ने नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे दिया है, क्योंकि वह वरिष्ठ विधायकों को अन्य राजनीतिक दलों में जाने से नहीं रोक सके। इससे पहले 25 फरवरी को, विपक्षी कांग्रेस के चार विधायकों में से दो दोपासीघाट पश्चिम से निनॉन्ग एरिंग और तिरप जिले के बोरदुरिया-बोगापानी विधानसभा सीट से वांगलिन लोवांगडोंग ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल होने के लिए इस्तीफा दे दिया है, जिससे कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है।

## हिमाचल के 11 विधायक चार्टर्ड फ्लाइट से देहरादून...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

- प्राप्त सूचना के अनुसार, ऋषिकेश गये विधायकों के रिश्तेदार भी इन विधायकों पर बराबर दबाव डाल रहे हैं कि, वे वापस आ जायें। अतः इस दवाब से इन विधायकों को बचाने के लिये उन्हें भाजपा शासित उत्तराखण्ड भेजा गया है।

के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के बाद ही, बागी विधायकों पर उनका रुख नरम हो गया था। बैजनाथ में शिव रात्रि महोत्सव में शामिल होने गए सुक्खू ने कहा "हमें पता चला है कि, कांग्रेस के छ: बागी और तीन निर्दलीय विधायकों को चार्टेड विमान द्वारा चंडीगढ़ एयरपोर्ट से बाहर ले जाया गया। वो ललित होटल में नहीं हैं।

इन अयोग्य ठहराए गए विधायकों के परिवारजन उनसे वापस लौटने का अनुरोध कर रहे थे और किसी भी तरह के दबाव से बचने के लिए कुछ राजनीतिक ताकतें उन्हें चण्डीगढ़ से बाहर ले गई हैं।"

पालमपुर में पत्रकारों से शुक्रवार को चर्चा करते हुए सुक्खू ने कहा, "कुछ विधायकगण दुखी हैं। उन्हें सी.आर.पी.एफ. की कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। इस प्रकार, लोकतंत्र कैसे मजबूत रहेगा? खरीद -फरोख़्त ने प्रजातंत्र को कमजोर बना दिया है।"

कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी के खिलाफ पिछले माह हुए चुनाव में पार्टी व्हिप का उल्लंघन कर पार्टी के विरुद्ध वोट देने के बाद कांग्रेस के छ: बागी विधायकों के बजट सत्र के दौरान मतदान से अनुपस्थित रहने के कारण उन्हें हिमाचल विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने अयोग्य घोषित कर दिया था।

पठानिया ने इस मसले पर कहा था कि, जिन छ: विधायकों ने कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ा था उन पर स्वत: ही दल-बदल विरोधी कानून लागू हो जाता है।

वो विधायक, जिन्होंने राज्यसभा चुनावों में भाजपा के प्रत्याशी हर्ष महाजन के पक्ष में वोट दिया था, उनमें कांग्रेसी विधायक राजिन्दर राणा, सुधीर शर्मा, इंदर दत्त लखनपाल, देविन्दर कुमार भुट्टो, रवि ठाकुर व चैतन्य शर्मा और तीन -निर्दलीय विधायक होश्यार सिंह, के.एल. ठाकुर व आशीष शर्मा शामिल हैं।

ये 11 विधायक शुक्रवार को दोपहर 2.40 बजे देहरादून के जॉली ग्रांट पहुंचे, वहां से वे कार में बैठकर ऋषिकेश के होटल की तरफ गए।

यह घटनाक्रम मुख्यमंत्री सुक्खू के कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से दिल्ली मिलने जाने के दो दिन बाद हुआ। प्राप्त सूचनानुसार, उस समय मुख्यमंत्री राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस के हाईकमान से मिलने और प्रदेश में चल रहे ताजा राजनीतिक हालात के बारे में रिपोर्ट देने गए थे।

अभी हिमाचल में जो घटनाक्रम चल रहा है वह जून 2022 में हुई बगावत की कहानी की पुनरावृत्ति है, जब एकनाथ शिन्दे के नेतृत्व वाले बागी शिव सेना विधायकों को सर्वप्रथम गुजरात के सूरत शहर में ले जाया गया था, उसके बाद बागी विधायकों को विमान से गुवाहाटी ले गए थे, वहां उन्हें मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा सख्त सुरक्षा व्यवस्था के अन्तर्गत रखा गया था।

उत्तराखण्ड के कांग्रेस प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट ने आलोचना करते हुए कहा कि, हिमाचल प्रदेश विधानसभा द्वारा छ: बागी विधायकों को अयोग्य घोषित करने के बाद उन्हें उत्तराखंड में लाना, भाजपा ने संवैधानिक पाप किया है।

भट्ट ने एक बयान में कहा कि, "भाजपा ने एक बार पुन: उत्तराखंड की धरती पर संवैधानिक पाप किया है।"

उन्होंने भाजरा से सवाल किया कि, बागी विधायकों की हवाई यात्रा और उनके होटल में ठहरने का खर्चा कौन वहन कर रहा है और क्या हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार को गिराने का षड्यंत्र उत्तराखंड में रचा गया था।

उन्होंने आगे यह भी कहा "सबको यह पता चलना चाहिए कि, इससे पहले भी जब भाजपा ने कांग्रेस नेतृत्व वाली हरीश रावत सरकार को गिराया था, उस समय उच्च न्यायालय ने टिप्पणी में कहा था कि, इस प्रकार का कृत्य "संवैधानिक महापाप है, परंतु आज पुन: भाजपा ने वही कृत्य किया है।" मार्च 2016 में, नौ कांग्रेसी विधायकों ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री हरीश रावत के खिलाफ बगावत की थी और उनकी सरकार गिर गई थी। उस समय 70 सदस्यीय सदन "सस्पैन्डेड एनिमेशन" की स्थिति में आ गई थी और प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया था।

## चुनाव प्रचार के अन्तर्गत मोदी चौथी...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

- पर, कई महारथियों द्वारा तृणमूल पार्टी छोड़ने से, तथा कई अन्य तृणमूल पार्टी के नेता हवालात में होने के कारण, पार्टी को विशाल रैली आयोजित करने में काफी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है।

सत्तारूढ़ पार्टी पर हो रहे हमलों की प्रतिक्रिया में तृणमूल कांग्रेस रविवार को बिग्रेड परेड ग्राउण्ड पर एक रैली आयोजित कर रही है। सत्तारूढ़ पार्टी राज्य परिवहन और रिवर बसों के जरिए दूरस्थ जिलों से अपने समर्थकों को एकत्रित कर रही है।

उनके भोजन और ठहरने के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। रविवार की सार्वजनिक रैली के साथ ही तृणमूल कांग्रेस अपने चुनाव अभियान की शुरुआत करेगी।

जनता को आकर्षित करने के लिए पार्टी मैदान में एक विशाल मंच बना रही है। तथापि, जेल में बैठे पार्टी के मंत्री, और सत्ता व जनता को भयभीत रखने का भारी मुद्दा हर कदम पर सुलग रहा है। विपक्षी पार्टियां इन मुद्दों को लेकर सतत रूप से अपना चुनाव प्रचार अभियान चला रही हैं।

## कई दिग्गज नेताओं के साथ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

स्तर पर मध्य प्रदेश में कांग्रेस को अपना जनाधार खड़ा करने में बरसों तक मदद की है। पचौरी ने भारतीय सेना की बहादुरी को लेकर सवाल खड़े करने का भी कांग्रेस पर आरोप लगाया। उनका इशारा शायद, मोदी सरकार द्वारा की गई क्रॉस बॉर्डर "सर्जिकल स्ट्राइक्स" के बारे में कांग्रेस के सीनियर नेताओं, खासकर मध्य प्रदेश के सीनियर नेता दिग्विजय सिंह के बयानों की ओर था।

पचौरी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि, "मैं समाज सेवा के लिए राजनीति में आया था। कांग्रेस एक जाति रहित समाज की स्थापना की बात किया करती थी, लेकिन अब वह जाति की बात कर रही है। मैं कांग्रेस द्वारा पिछले कुछ वर्षों में लिए गए राजनीतिक व धार्मिक निर्णयों में स्वयं को परेशान महसूस कर रहा हूं। मैंने रक्षा मंत्रालय में सेवाएं दी हैं, सेना की बहादुरी को लेकर कभी भी सवाल नहीं खड़े किए गए।

प्रमाण उपलब्ध करवाने जैसी बात कभी नहीं की गई। (जैसी कि सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर कांग्रेस नेताओं ने मांग की)।" भाजपा दावा करती है कि, उसने पिछले कुछ महीनों में जिला अध्यक्षों, मेयरों और सरपंचों सहित करीब 4,500 कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अपनी पार्टी में शामिल किया है।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पचौरी का भाजपा में स्वागत करते हुए कहा कि, उनका निर्णय यह दर्शाता है कि, ईमानदार नेताओं का कांग्रेस में आदर नहीं है। उन्होंने कहा कि, "प्रत्येक पार्टी में स्वच्छ छवि के लोग हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि, कांग्रेस नेतृत्व ने देश के लिए काम करने वाले नेताओं की ओर कभी ध्यान नहीं दिया। कोई भी ईमानदार आदमी ऐसी परिस्थितियों में क्यों काम करेगा? भाजपा ऐसे ईमानदार नेताओं का स्वागत करती है। लोकतंत्र में हमने सबके साथ काम करने का संकल्प किया है।" मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी.डी. शर्मा ने कहा कि, अपनी ईमानदारी के कारण पचौरी ने "मध्य प्रदेश के संत" की उपाधि अर्जित की है और भाजपा उन्हें अपनी पार्टी में पाकर गर्व महसूस कर रही है।

शर्मा ने कहा कि, "भाजपा में हम कैलाश जोशी को मध्य प्रदेश का संत कहेंगे और कांग्रेस में यदि किसी को यह दर्जा प्राप्त है तो वो हैं सुरेश पचौरी। इन्होंने दो प्रधानमंत्रियों के अधीन पी.एम.ओ. में काम किया। इन्होंने रक्षा मंत्रालय संभाला और सेवा दल के अध्यक्ष पद पर ना रहते हुए भी उसके राष्ट्रीय प्रमुख के रूप में सेवाएं दीं, जबकि, ऐसी परिपाटी नहीं थी।"

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, वे पचौरी को तब से जानते हैं जब से वे छात्र राजनीति में थे। उन्होंने कहा, "हम भिन्न विचार धाराओं का अनुसरण करते हैं, लेकिन मैंने इनमें जो संस्कृति देखी उसके कारण मैं बरसों से इनका प्रशंसक रहा हूं। इनके लिए कांग्रेस उपयुक्त जगह नहीं थी। ये दो प्रधानमंत्रियों के अधीन रहे, लेकिन इनके विरूद्ध नाम मात्र का भी कोई आरोप नहीं था। इन्होंने जो भी काम किया, उसी में इन्होंने अपनी छाप छोड़ी।" मुख्यमंत्री यादव की बात से सहमति जताते हुए चौहान ने कहा, "कांग्रेस का यह दुर्भाग्य है कि, ऐसा नेता उसका मार्गदर्शन कर रहे हैं जो स्वयं दिशाहीन हैं। यदि आप ऐसे अनुभवी नेता का सम्मान नहीं कर सकते तो फिर आपका अस्तित्व कैसे बना रह सकता है?" पचौरी ने कांग्रेस छोड़ने के अपने निर्णय को स्पष्ट करते हुए सीधे राम मंदिर मुद्दे की बात की। उन्होंने कहा कि, "जहां तक धर्म का संबंध है तो मैं सिर्फ इतना ही कहूंगा कि, भगवान श्रीराम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की घोषणा की गई और असंसदीय भाषा का प्रयोग करते हुए उसमें शामिल होने के निमंत्रण को ठुकरा दिया गया।

इससे मुझे पीड़ा हुई, क्योंकि मैं शुरु से ही चाहता था कि, राम मंदिर बने। किसके कार्यकाल में अयोध्य में राम मंदिर के ताले खोले गए (केन्द्र में उस वक्त कांग्रेस सत्ता में थी), तो फिर निमंत्रण अस्वीकार करने की क्या जरुरत थी? सुप्रीम कोर्ट ने मंदिर निर्माण के पक्ष में फैसला दिया और हमने उसका स्वागत किया तो फिर आपने किसके दबाव में आकर निमंत्रण ठुकराया?" संयोगवश, कांग्रेस के सीनियर नेता कमलनाथ और उनके पुत्र व छिंदवाड़ा से वर्तमान सांसद के कांग्रेस छोड़ने की परेशान करने वाली अटकलों के कुछ दिन बाद ही पचौरी ने कांग्रेस से विदा ली है। सूत्रों ने बताया कि, कमलनाथ तो भाजपा में शामिल होने के लिए उत्सुक थे, लेकिन भाजपा ने ही इसके प्रति कोई गर्मजोशी नहीं दिखाई।


मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपनी टिप्पणियों में कांग्रेस के सीनियर नेता राहुल गांधी पर भी चुटकी लेते हुए कहा कि, हाल ही में मध्य प्रदेश से गुजरी उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा ने वास्तव में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाया।

यादव ने कह कि, "राहुल गांधी पदयात्रा कर रहे हैं और उनके पीछे-पीछे कांग्रेस का सफाया होता जा रहा है। मैं उनका धन्यवाद अदा करना चाहता हूँ और चाहता हूँ कि, वे दो-तीन यात्राएं और करें। वे जब भी आते हैं, माहौल हमारे पक्ष का बन जाता है। कांग्रेस की वर्तमान दशा देखिए। महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता के बाद बिल्कुल सही कहा था कि, कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए।"

पचौरी वर्ष 1984 में राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए और फिर वर्ष 1990, 1996 और 2002 में पुनः निर्वाचित हुए। तत्कालीन प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव ने अपने कार्यकाल की समाप्ति के एक वर्ष पूर्व 1995 में उन्हें रक्षा राज्य मंत्री बनाया था। इसके कारण देश के सुरक्षा मसलों में उनकी भूमिका अग्रिम बन गई।

वर्ष 2004 में कांग्रेस जब केन्द्र में पुनः सत्ता में आई तो पचौरी को फिर से मंत्री बनाया गया, लेकिन इस बार उन्हें कार्मिक, लोक शिकायत व पैन्शन्स तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाया गय और यह पदभार उन्होंने वर्ष 2008 तक संभाला। वर्ष 2008 में ही उन्हें मध्य प्रदेश का कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया। यह पद भार उन्होंने वर्ष 2011 तक संभाला। पार्टी की कार्यकर्त विंग, कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने पार्टी का ज़मीनी समर्थन तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


तृतीय पुण्यतिथि
10.03.2024



हमारे पूजनीय
श्री हरि नारायण शर्मा
(रिटायर्ड प्रो. राज. कृषि विश्वविद्यालय)
जीवन की सभी राहें आपसे आसान बनी हैं, जीवन जीने की दिशा हमें आपसे मिली है,
आपकी हर बात हमें अच्छे से याद है,
जीवन के प्रत्येक पहलू पर आपके गहन विचार हमारा मार्गदर्शन प्रतिदिन करते हैं,
इन यादों के जरिए ही आप हमारे पास रहते हैं, हर दिन हम आपकी कमी महसूस करते हैं।
श्रद्धावनत :
उषा शर्मा (पत्नी), गरिमा शर्मा-मनीष दुबे, चारू शर्मा-विनोद द्विवेदी (पुत्री-दामाद),
सौम्या, रिद्धिमा (दोहिती) एवम् समस्त परिवार और मित्रगण।


# तमिलनाडू में सिर्फ 9 सीटों पर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

## आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और डी.एम.के के बीच सीट शेयरिंग के मसले पर सहमति बनी

- सीट शेयरिंग के इस फॉर्मूले के तहत, डी.एम.के. ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रमुख साझेदार कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे पर 2019 वाला फॉर्मूला जस का तस कायम रखा है।
- डी.एम.के. अध्यक्ष व तमिलनाडू के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन और तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के. सेल्वापुरुथागई ने समझौते को अंतिम रूप दिया। इस दौरान कांग्रेस के नेता के.सी. वेणुगोपाल और अजय कुमार भी मौजूद रहे।

नई दिल्ली, 9 मार्च। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और द्रविड मुन्नेत्र कड़गम के बीच सीट शेयरिंग को लेकर सहमित बन गई है। इसके तहत, कांग्रेस तमिलनाडु में 9 और पुडुचेरी में 1 सीट पर अपना उम्म्मीदवार खड़ा करेगी। दोनों राज्यों की बाकी सीटों पर द्रमुक और गठबंधन दलों के उम्मीदवारों का कांग्रेस समर्थन करेगी। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने शनिवार शाम को यह ऐलान किया। उन्होंने यह दावा भी किया कि वे तमिलनाडु की सभी 40 सीटों पर जीत दर्ज करेंगे।

इस तरह, द्रमुक ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने प्रमुख साझेदार कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे का 2019 का फार्मूला ही कायम रखा। डीएमके अध्यक्ष व तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के. सेल्वापुरुथागई ने समझौते को अंतिम रूप दिया। इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी नेता केसी वेणुगोपाल और अजय कुमार भी मौजूद रहे। वेणुगोपाल ने कहा कि तमिलनाडु देश की विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ लड़ रहा है। केंद्र सरकार हर दिन तमिलनाडु के गौरव पर प्रहार करने में लगी हुई है, जिसका जनता जवाब देगी।

एक्टर से नेता बने कमल हासन की पार्टी मक्कल नीति मय्यम ने तमिलनाडु और पुडुचेरी में इंडिया के नेतृत्व वाले धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन को समर्थन देने का फैसला किया गया है। द्रमुक एमएनएम को राज्य सभा की 1 सीट देने पर सहमत हुई है। काफी समय से ऐसी खबरें आ रही थीं कि एमएनएम लोकसभा चुनाव में द्रमुक के नेतृत्व वाले मोर्चे के साथ गठबंधन करेगी। यह देखते हुए कि हासन के स्टालिन से घनिष्ठ संबंध रहे हैं। अब इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी गई है कि दोनों पार्टियां संसदीय चुनाव में संयुक्त रूप से प्रचार करेंगी।

कमल हासन ने वर्ष 2021 के विधानसभा चुनावों में कोयंबटूर दक्षिण से चुनाव लड़ा था और वह असफल रहे थे। उनकी भाजपा के वनाथी श्रीनिवासन से 1,728 वोटों के मामूली अंतर से हार गए थे। द्रमुक मुख्यालय अन्ना अरिवलयम में स्टालिन और हासन की मुलाकात के बाद उनके बीच सीट बंटवारे के समझौते पर हस्ताक्षर भी किए गए। समझौते के अनुसार, को कोई लोकसभा सीट आवंटित नहीं की गई है लेकिन 2025 के राज्यसभा चुनाव में एक सीट आवंटित करने का निर्णय लिया गया है, जहां से हासन के संसद के ऊपरी सदन में प्रवेश करने की संभावना है। यह भी निर्णय लिया गया कि एमएनएम पार्टी तमिलनाडु और पुडुचरी में लोकसभा चुनाव में द्रमुक के नेतृत्व वाले मोर्चे के लिए प्रचार करेगी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908